उज्जैन
शनिवार
18
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-164
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



तेजस्वी प्रकाश ने कुंद्रा संग रिश्ते को लेकर दिया बड़ा बयान अभी नहीं है शादी का प्लान

पेज- 8

## मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सीटें बढ़ाने के लिए लाया गया संविधान का 131वां संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। इसमें संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था। लोकसभा में बिल पर 21 घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग हुई। उपस्थित 528 सांसदों ने वोट डाले। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बिल 54 वोट से गिर गया। 12 साल के शासन में यह पहला मौका था, जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। असर यह होगा कि नई जनगणना के नतीजे आने से पहले महिला आरक्षण लागू नहीं होगा, यानी 2029 के लोकसभा चुनाव में इसका फायदा नहीं मिलेगा।



## चारधाम यात्रा आज से 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शनिवार से शुरू हो जाएगी। ऋषिकेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 बसों को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के लिए रवाना करेंगे। ये यात्री 19 अप्रैल को यमुनोत्री-गंगोत्री के कपाट खुलने के वक्त मौजूद रहेंगे। चारधाम के लिए अब तक 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। पिछले साल 23 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। गुरुवार से ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर भी शुरू हो गए हैं। सबसे पहले मध्य प्रदेश (शहडोल) के 100 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। ये सभी यमुनोत्री और गंगोत्री के दर्शन करेंगे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक रहेगी। हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन धर्म के लोग दर्शन कर पाएंगे।

## हिमंता बोले- देश बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा में चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा- हर जनगणना में मुस्लिम आबादी 4-5% बढ़ी है। असम में भी यही हो रहा है। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि देश को बचाना आपके हाथों में है। नहीं तो देश बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा। वहीं, दमदम की सभी में सीएम ममता बनर्जी ने कहा- जब कल आप सत्ता में नहीं रहेंगे, तब आपके घरों पर भी ये छापे पड़ेंगे। आप बंगाल पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।



## पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग 8 घंटे बंद रहा रनवे

**पुणे।** पुणे एयरपोर्ट का रनवे शुक्रवार देर रात एक आईएएफ विमान की हार्ड लैंडिंग के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इस घटना के कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन 8 घंटे तक प्रभावित रहा। भारतीय वायुसेना ने खुद इसकी जानकारी दी। आईएएफ के मुताबिक, विमान की लैंडिंग के दौरान हुई घटना के बाद, सुरक्षा कारणों से रनवे को तुरंत बंद करना पड़ा। विमान का क्रू सुरक्षित है। किसी भी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका। एयरपोर्ट डायरेक्टर के मुताबिक 5 एयरलाइंस की 91 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। कैंसिल होने वाली फ्लाट्स में इंडिगो की 65, एअर इंडिया की 6, स्पाइसजेट की 5, अकासा एयर की 5, एअर इंडिया एक्सप्रेस की 10 फ्लाइट्स शामिल थीं।

### कर्नाटक के यादगीर जिले में कार और निजी बस की आमने-सामने टक्कर

# कार में जिंदा जल गए 6 लोग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ यादगीर**

कर्नाटक के यादगीर जिले में एक कार और एक निजी बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दो अन्य लोगों को कार से निकालकर बचा लिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को समीपवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

यह हादसा सुरपुर थाना क्षेत्र में सुरपुर तालुका के देवपुर के पास हुआ। कार यादगीर से रायचूर की ओर जा रही थी। इसी दौरान उसकी टक्कर बेंगलुरु से कलबुर्गी जा रही एक निजी बस से हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार और बस में तुरंत आग लग गई। कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच, सुरपुर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



- अभी इस घटना से जुड़ी और पूरी जानकारी सामने आनी बाकी है। अधिकारियों को अभी तक दुर्घटना के सही कारण का पता नहीं चल पाया है। मृतकों की पहचान भी अभी नहीं हो सकी है। टक्कर के बाद कार के साथ-साथ बस भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई है। आपको बता दें कि इससे पहले 25 दिसंबर 2025 को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में हिरियूर के पास एक बड़ा हादसा हुआ था।
- इस हादसे में बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी स्लीपर बस की टक्कर एक ट्रक से हो गई, जिसके बाद बस में आग लग गई थी। यह दुर्घटना नेशनल हाईवे 48 पर हुई थी। हादसे में बस के अंदर फंसे कम से कम 6 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 28 अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में बिंदु वी, उनकी बेटी ग्रेमा, मानसा, नव्या और रश्मि महाले शामिल थे। ये सभी बेंगलुरु से गोकर्ण जा रहे थे। इसके अलावा, ट्रक चालक की भी इस हादसे में मौत हो गई थी। बताया गया कि वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला था।

## यूपी का बांदा एशिया में सबसे गर्म, पारा 45.4 डिग्री पहुंचा



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश के लगभग सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार को तापमान 45.4 डिग्री दर्ज हुआ, जो इस गर्मी में अब तक भारत ही नहीं, एशिया में सबसे ज्यादा तापमान था।

यह तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री ज्यादा है। दिलचस्प यह है कि एक हफ्ते पहले 9-10 अप्रैल को देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम 12 डिग्री तापमान भी बांदा में ही था। इधर, आज से अगले 4 दिन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में लू चलने की आशंका है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में शुक्रवार को बारिश ने थोड़ी राहत दी है। फिर भी इन राज्यों में पारा 40 डिग्री के ऊपर रहा।

## आप मंत्री-2 पार्टनरों पर ईडी रेड

### अधिकारी बोले- सट्टेबाजों को प्रोटेक्शन देकर मुनाफे में हिस्सेदारी का शक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लुधियाना**

पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के दिग्गज मंत्री संजीव अरोड़ा और उनके 2 पार्टनर पर ईडी की रेड हुई। सुबह करीब 7 बजे से उनके और पार्टनरों के ठिकानों पर ईडी की टीमें पहुंचीं। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि संजीव अरोड़ा पर अपने राजनीतिक प्रभाव के जरिए पंजाब में अवैध सट्टेबाजी (बैटिंग) संचालकों को संरक्षण देने का संदेह है, ताकि उनके मुनाफे में हिस्सा लिया जा सके।

उन पर यह भी आरोप है कि वे अपनी कंपनियों और कई एंट्री ऑपरेटरों का इस्तेमाल कर सट्टेबाजों के बेहिसाब पैसे को वैध निवेश में बदल रहे हैं। वह मनी लॉन्ड्रिंग में सहायता कर रहे हैं।

अधिकारियों के अनुसार संजीव अरोड़ा की कंपनियां कई फर्जी निर्यात बिल बुक करने, संयुक्त अरब अमीरात से फंड की राउंड-ट्रिपिंग करने और नॉन-एग्जिस्टेंट जीएसटी संस्थाओं से फर्जी खरीदारी दिखाने के मामले में भी जांच के दायरे में हैं।



### लुधियाना और जालंधर में ईडी की रेड

जांच एजेंसी की टीमें शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे ही लुधियाना के गुरदेव नगर स्थित मंत्री के घर (कोठी नंबर- 3311) में पहुंच गईं। इसके बाद बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात कर अंदर-बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा दी गई। लुधियाना के अलावा जालंधर में भी रियल एस्टेट कारोबारी हेमंद सूद और चंद्रशेखर अग्रवाल के ठिकानों पर ईडी ने रेड की है।

## अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ दमिश्क**

करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए। सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जॉर्डन जा रहे है। अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है। इस बीच, सीरिया सरकार और रउक्र के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है।

### 300 करोड़ जमीन विवाद में


## कलेक्टोरेट पहुंची एक्ट्रेस रेमन कक्कड़

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

टीवी इंडस्ट्री एक्ट्रेस रेमन कक्कड़ शुक्रवार दोपहर इंदौर कलेक्टर कार्यालय पहुंची। उन्होंने अपनी पैतृक जमीन से जुड़े विवाद को लेकर प्रशासन को आवेदन सौंपा। विवादित भूमि की अनुमानित कीमत करीब 300 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

एक्ट्रेस ने बताया कि संबंधित जमीन उनके दिवंगत पिता की संपत्ति थी, जो वर्तमान में उनकी मां, दोनों भाइयों और स्वयं उनके नाम पर दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक कारोबारी द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में इंदौर पुलिस पहले ही शराब कारोबारी सूरज रजक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर चुकी है। पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए रेमन कक्कड़ ने कहा कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई, जिससे उन्हें न्याय की उम्मीद है।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी का आरोप



एक्ट्रेस ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर मामले को लेकर गलत और भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं, जो पूरी तरह निराधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे दावों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने आएगी। रेमन के मुताबित, उनके पिता ने यह जमीन सड़क निर्माण के उद्देश्य से आईडीए को दी थी। ऐसे में उस भूमि पर किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति नहीं है।

### पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की भागीदारी 52.84 प्रतिशत तक पहुंच गई

# पंचायती राज व्यवस्था में नारी शक्ति का अभूतपूर्व दबदबा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नारी शक्ति के सशक्तिकरण का मप्र पहले से ही रोल मॉडल बना हुआ है। मप्र में पंचायती राज व्यवस्था में नारी शक्ति का अभूतपूर्व दबदबा देखने को मिल रहा है, जहां 50 प्रतिशत से अधिक सीटों पर महिला प्रतिनिधि निर्वाचित हैं। अप्रैल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की भागीदारी 52.84 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

मप्र ने 2007 से ही त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। तब से यहां पंचायती राज व्यवस्था में 52 फीसदी से ज्यादा पद महिलाएं संभाल रही हैं। ग्राम सरकारों के साथ ही नगर सरकार भी महिलाएं बखूबी चला रही हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। राज्य में ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत स्तर तक 2 लाख 90 हजार 41 निर्वाचित महिला जन प्रतिनिधि अपने दायित्वों को निभा रही है, यह पंचायती राज में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का 52.84 प्रतिशत हैं। इनमें 26 जिला पंचायतों की कमान महिलाओं के पास बतौर अध्यक्ष के रूप में है, जबकि 444 जिला पंचायत सदस्य महिलाएं है। यह दोनों संख्या पुरुषों के अनुपात में 50 से 53 प्रतिशत तक ज्यादा है। इसी तरह 179 जनपद अध्यक्ष व 3425 जनपद सदस्य महिलाएं हैं। जबकि राज्य की 11683 पंचायतों को अध्यक्ष के रूप में महिला प्रतिनिधियों द्वारा चलाया जा रहा है। महिला पंचों की संख्या भी 1 लाख 93 हजार 284 है।



### निकायों में भी बढ़ेगी महिलाओं की ताकत

मप्र में अगले वर्ष होने वाले निकाय चुनावों में प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होना है, यानी महिला नेत्रियां भी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सीधे मतदाताओं द्वारा चुनी जाएंगी, उन पर जनता का विश्वास बढ़ेगा। यह महिलाओं के लिए राजनीतिक चुनौती की तरह होगा और वे अपने समाज व शहर विकास के लिए पुरुषों की तरह जवाबदेह होंगी। मप्र में दोनों राजनीतिक दलों ने इन संभावनाओं को देखते हुए महिला नेत्रियों को चिन्हित करने का काम भी प्रारम्भ कर दिया है। सत्ता पर बैठी भाजपा निकाय चुनावों में महिलाओं को टिकट देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रेडिट लेने का प्रयास करेगी, तो कांग्रेस भी महिला उत्थान के लिए उनकी सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जनता को जानकारी देगी।

## खबर एक नजर...

### चार दिनों की रिमांड पर लाखों की शराब लाने वाले युवक

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना पुलिस ने गुरूवार को शनि मंदिर ब्रिज के नीचे और इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास से एक्सयूवी और स्कार्पियों में अंग्रेजी शराब की 44 पेटी के साथ चार युवकों सचिन राव, यश चित्तौड़ा, सहिल उर्फ मनीष माली और चंद्रशेखर उर्फ मेडिकल को गिरफ्तार किया था। चारों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। चारों से 5.31 लाख की अवैध शराब बरामद करने के साथ 45 लाख कीमत की 2 कारें जप्त की गई है।

### एक्यूप्रेशर शिविर शुरू, जोधपुर की टीम 21 तक देगी सेवाएं

**उज्जैन।** अग्रवाल पंचायत न्यास की ओर से नई पेठ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज के लिए निःशुल्क एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत की गई। आयोजकों के अनुसार यह शिविर 21 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें जोधपुर से आई डॉक्टरों की टीम विभिन्न उपकरणों के माध्यम से उपचार और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर का उद्घाटन उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, न्यास के संस्थापक न्यासी पुरुषोत्तम गोयल और अध्यक्ष निमेष अग्रवाल की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में निमेष अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में न्यास की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों और सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर संयोजक व न्यासी रविप्रकाश बंसल ने बताया कि शिविर पूरी तरह निःशुल्क रखा है। उन्होंने कहा कि समाजजन प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक धर्मशाला में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। शुभारंभ अवसर पर शैलेंद्र मित्तल, संदीप अग्रवाल, गोविंद गोयल, ममता अग्रवाल, मीना गर्ग, सरोज अग्रवाल, उषा बजाज, इंद्रेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### रविदास शोध संस्थान ने किया समाजसेवियों का सम्मान

**उज्जैन।** संत रविदास शोध संस्थान की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने समाजसेवा और सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे और समाजहित में निरंतर काम करने का संदेश दिया। संस्थान के भगवान खांडेगर के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी दीपचंद जाटव, रवींद्र यादव और रघु यादव रहे। अध्यक्षता समाजसेवी सेवाराम खांडेगर ने की। समारोह में गौतम खिरवे, मनोहरलाल बडोदिया, गुलाब यादव,प्रवीण आमलिया, तूफान उमेरे, कांचा जाटव, कैलाश बिल्लौरे, गुलाब भंडारी, रवि गणगौरे, शंकर विनेखा और बालकिशन धेर्या को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी भेंट की गई। कार्यक्रम में अनोखीलाल भारती, मदनलाल करिया, अनोखी लाल खांडेगर, अनिल जाटव, मोतीलाल विनेखा, धर्मेंद्र विनेखा, देवीलाल लोहारिया मौजूद रहे।संचालन कैलाश सूर्यवंशी ने किया।

### साधु-संतों का सम्मान एवं भंडारे का हुआ आयोजन

**उज्जैन।** काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन एवं श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय अष्टधारा महायज्ञ शुक्रवार 17 अप्रैल को विधिवत पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। 1008 ब्रह्मलीन तपस्वी श्री योगी बम बम नाथ जी महाराज की प्रेरणा अनुसार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज के नेतृत्व में आयोजित इस महायज्ञ का समापन धार्मिक अनुष्ठानों, साधु-संतों के सम्मान एवं विशाल भंडारे के साथ किया गया। पूर्णाहुति के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत श्री योगी सोमवार नाथ जी महाराज,श्री सिद्ध नाथ जी महाराज (चिपलाना मंदसौर), श्री योगी मनोहर नाथ जी महाराज एवं श्री योगी करण नाथ जी महाराज उपस्थित थे।

### मानवीयता को तार-तार करने वाली घटना सामने आई

# डिप्रेशन में आई पत्नी को तपती धूप में तीसरी मंजिल पर छोड़ा

## महिला बाल विकास एवं पुलिस के साथ सामाजिक कार्यकर्ता ने करवाया रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नीमच जिले से मानवीयता को तार-तार करने वाला घटनाक्रम सामने आया है। यहां के इंदिरानगर में एक पति ने डिप्रेशन में आई पत्नी को मकान की खुली तीसरी मंजिल पर 40 डिग्री तापमान में खुला छोड दिया था। महिला को सामाजिक कार्यकर्ता की सूचना पर महिला बाल विकास विभाग एवं पुलिस ने रेस्क्यू करवाकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया है।







आग उगलते सूर्य की गर्मी के दौरान महिला मात्र कुछ वस्त्रों में तीन मंजिला मकान की खुली छत पर लेटी हुई थी। सन बर्न से उसकी चमडी काली पड गई थी। नीमच जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर में भगवानपुरा रोड पर जो नजारा सामने आया वो दिल दहला देने वाला है। रेस्क्यू के दौरान 40 वर्षीय सीमा सोनी का शरीर कंकाल की हालत में नजर आ रहा था। ना तन पे कपड़े, ना पेट में खाना और ऊपर से झुलसाती धूप। तीसरी मंजिल की खुली छत पर खाट पर पड़ी यह महिला मानो जिंदगी और मौत के बीच झूल रही थी। महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी दीपिका नामदेव का कहना था कि महिला बाल विकास विभाग एवं नीमच सिटी पुलिस की टीम ने मिलकर इस रेस्क्यू को अंजाम दिया है। दुरभाष पर सूचना मिली थी की एक महिला को बहुत दयनीय स्थिति में रखा गया है। यहां पर हमने टीम के साथ आए। हमने यहां पर पूरी जांच की। सूचना के साथ जो विडियो मिले थे वे भी सही पाए गए। महिला बहुत दयनीय स्थिति में थी। महिला का नाम सीमा सोनी है। वो बिल्कुल खुली छत के बाहर लेटी हुई थी। ऐसी स्थिति थी कि उसके शरीर पे कपड़े भी नहीं थे। केवल एक कंबल ढका था। उनके पति का ऐसा कहना था कि वह काफी समय से डिप्रेशन में हैं। इसलिए वह खुद का ध्यान नहीं रख पाती हैं। अभी उनका ऐसा कहना है कि हमारे मकान का कंस्ट्रक्शन काम चल रहा है। इसलिए हमने उनको वहां पर रखा था। महिला को सिविल हॉस्पिटल में उपचार के लिए रखा गया हैं। उसके बाद जहां भी अगर उनके हस्बैंड यहां पर रखेंगे। उनकी उचित देखभाल करेंगे तो उसे यहां पर रखेंगे। अन्यथा हम जहां पर भी उनके लिए उचित व्यवस्था होगी वहां पर रखा जाएगा।

इस पूरे मामले की गोपनीय सूचना समाजसेवी मीनू लालवानी तक पहुंची थी। समाजसेवी मीनू लालवानी का कहना था कि महिला के शरीर पर कपड़े तक नहीं थे। सबसे पहले उसे ढका गया। फिर खाना खिलाया गया और तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी को हमने महिला बाल विकास विभाग की डीपीओ एवं सिटी थाने से पुष्पा चौहान को सूचित किया था।पति का कहना था कि वो डिप्रेशन में थी। उन्होंने 10 साल से उनका इलाज भी बंद करवा रखा था। तो उन्होंने ऐसा क्यों किया इसकी अभी पूरी जांच होगी। बाकी जब हम लोग पहुंचे तो वो महिला बार-बार भोजन मांग रही। हम लोगों ने उसको नाश्ता और वह सब दिलवाया तो उसने दो-तीन बार नाश्ता भी खाया। उसे बार-बार भूख लग रही थी।

### बड़नगर में भागीरथ मामले के उपरांत सुप्रीम कोर्ट गाइड लाइन के अनुसार की जा रही व्यवस्था

# बोरवेल को लेकर सख्त एक्शन मोढ़ पर आया प्रशासन

### सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

एक पखवाड़े के दौरान उज्जैन जिले के बडनगर तहसील अंतर्गत झलारिया गांव में ट्यूबवेल में गिरने से राजस्थान के पाली जिला निवासी ढाई वर्षीय भागीरथ पिता प्रवीण उर्फ पंसाराम की मौत हो गई थी। इस मामले में संभाग के जिलों का प्रशासन एक्शन मोड में है। जिलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।



### मंदसौर : लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

मंदसौर जिला प्रशासन ने इस मामले पर गंभीरता दिखाई है। अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि बोरवेल सुरक्षा संबंधी माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में निर्देश दिए हैं कि जिले में सभी बंद पड़े बोरवेलों को कंक्रीट या धातु के मजबूत ढक्कनों से सील किया जाए तथा उनका नियमित निरीक्षण किया जाए। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुले बोरवेल गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं, इसलिए इनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे खुले बोरवेल की तत्काल सूचना प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा इन सभी स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

### कुओं/बावड़ियों की मुंढेर ऊंची की जाए

इसके साथ ही मंदसौर जिले में स्थित सभी निजी एवं सार्वजनिक उपयोग के खुले कुएं, कुइयां, प्राचीन बावड़ियां तथा सड़कों व खेतों के रास्तों के किनारे स्थित बिना मुंडेर वाले कुओं को लोहे की मजबूत जाली से ढंकने के निर्देश दिए गए हैं। इनकी मुंडेर इतनी ऊंची बनाई जाए कि कोई जानवर, बच्चा या व्यक्ति उसमें गिर न सके।

### बोरवेल को लेकर ये हैं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट के निर्देर्शों के अनुसार खुले बोरवेल को बंद करना अनिवार्य है, ताकि जानलेवा हादसे रोके जा सकें। इसके साथ ही बोरवेल खोदने के बाद, उसके केसिंग पाइप को जमीन से 0.30 मीटर ऊपर तक कांक्रीट के प्लेटफॉर्म से ढका जाना चाहिए। जो कि घटनास्थल पर नहीं देखा गया।

- नलकूप की खुदाई करने वाली सरकारी संस्था, अर्ध-सरकारी संस्था या ठेकेदार का पंजीयन जिला प्रशासन या संबंधित सक्षम अधिकारी के कार्यालय में होना चाहिए।
- जिस स्थान पर नलकूप की खुदाई की जा रही है, उस स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए। साइन बोर्ड में नलकूप खोदने या उसके पुनर्वास करने वाली एजेंसी का पूरा पता और नलकूप के मालिक या उसे काम में लाने वाली एजेंसी का विवरण दर्ज होगा।
- नलकूप की खुदाई के दौरान उसके आसपास कंटीले तारों की फेंसिंग या अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जाना चाहिए।
- नलकूप के बनने के बाद उसके केसिंग पाइप के चारों तरफ सीमेंट/कॉन्क्रीट का प्लेटफार्म बनाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 0.30 मीटर होनी चाहिए। प्लेटफार्म जमीन में 0.30 मीटर गहराई तक बनाना होगा।
- केसिंग पाइप के मुंह के पर स्टील की प्लेट वेल्ड की जाएगी या नट-बोल्ट से अच्छी तरह कसा होगी। इस व्यवस्था का मकसद नलकूप के मुंह के खुले रहने के कारण होने वाले संभावित खतरों से बच्चों को बचाना है। पम्प रिपेयर के समय नलकूप के मुंह को बंद रखा जाएगा।
- नलकूप की खुदाई पूरी होने के बाद खोदे गए गड्ढे और पानी वाले मार्ग को समतल किया जाएगा।
- यदि किसी कारणवश नलकूप को अधूरा छोड़ना पड़ता है तो उसे मिट्टी, रेत, बजरी, बोल्डर या खुदाई में बाहर निकले चट्टानों के बारीक टुकड़ों से पूरी तरह जमीन की सतह तक भरा जाना चाहिए। नलकूप की खुदाई पूरी होने के बाद साइट की पुरानी स्थिति को बहाल किया जाना चाहिए।

# मंत्री निर्मला भूरिया ने किए महाकाल के दर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने शुक्रवार को उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने नंदी हॉल में विधिवत पूजन-अर्चन किया और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की।

मंत्री भूरिया गुरुवार को उज्जैन में कालिदास अकादमी में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आई थीं। वे शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। दर्शन के दौरान मंत्री नंदी हॉल में बैठीं, जहां मंदिर के पुजारियों ने पूजन-अर्चन संपन्न कराया।

उन्होंने लगभग आधे घंटे तक मंदिर में समय बिताया। दर्शन के उपरांत, महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। उनके साथ भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रमिला यादव भी उपस्थित थीं।

सफाई-सुंदरता की प्रशंसा की

मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री भूरिया ने कहा कि उन्हें बाबा महाकाल के ₹अद्भुत दर्शन₹ प्राप्त हुए। उन्होंने मंदिर की साफ-सफाई, सुंदरता और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यहां आकर ऐसा महसूस होता है मानो किसी दूसरी दुनिया में पहुंच गए हों। उन्होंने आगे कहा कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और प्रतिदिन लाखों दर्शनार्थी आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या मंदिर की लोकप्रियता और उसकी व्यवस्थाओं की उच्च गुणवत्ता को दर्शाती है।

# पुलिस ने खोज निकाले गुम 2 मोबाइल और चोरी हुआ लैपटॉप

### गलत खाते में गये 20 हजार पुलिस ने वापस कराये

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बड़नगर पुलिस ने शुक्रवार को चार परिवार में शामिल सदस्यों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। हजारों रुपए का सामान उन्हे लौटाया गया तो यकीन नहीं हुआ कि पुलिस ने खोज निकाला है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कुछ दिनों पहले 2 मोबाइल गुम होने के शिकायती आवेदन उनके पास पहुंचे थे, इसी बीच एक लेपटॉप चोरी होने का मामला भी सामने आया था। एक व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से बताया था कि उससे गलती हुई और 20 हजार रुपए दूसरे के खाते में चले गये। जो अब वापस नहीं लौटा रहा है। चारों मामलों में शिकायतकताओं को उनके मोबाइल, लेपटॉप और रुपए लौटाने का आश्वासन दिया गया, वहीं गुम मोबाइल की तलाश के लिये सायबर टीम की मदद ली गई। लेपटॉप चोरी करने वालों का पता लगाने और गलती से दूसरे के खाते में गये रुपए वापस कराने के लिये एसआई सुरेन्द्र गरवाल, हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, आरक्षक मनोहर मोहरी, रोहित मालवीय, राकेश निनामा, स्वरूप हिरवे, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम बनाई गई। कुछ दिनों में ही चारों शिकायतकताओं की शिकायत का समाधान कर लिया गया। शुक्रवार को मोबाइल गुम होने की शिकायत करने वाले ओमप्रकाश निवासी ग्राम आमला, विवेक जैन निवासी बड़नगर के साथ लेपटॉप मालिक सतीश प्रजापत निवासी भैसलाकला और गलत खाते में रूपयों का ट्रांजेक्शन करने वाले मलखानसिंह निवासी भिड़ावद को थाने बुलाया गया। सभी को उनको उनका सामान वापस लौटा दिया गया। मोबाइल, लेपटॉप और रुपए वापस मिलने चारों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

उज्जैन
शनिवार
18
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

स्वच्छन्दत्वं धनार्थित्वं प्रेमभावोऽथ भोगिता।
अविनीतत्वमालस्यं विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**अर्थ**: स्वतन्त्रता, धन का मोह, प्रेम में पड़ना, तल्लीन होना, मोह में पड़ना ये छह भी शिक्षा प्राप्ति में बाधक हैं।

# इंदौर में ऑनलाइन ठगी गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

## 10 लाख फ्रीज, फ्लैट से लैपटॉप चोरी और दिनदहाड़े घर में जेवर-नकदी भी हुई पार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भंवरकुआ थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खातों में जमा करीब 10 लाख रुपए फ्रीज कराए हैं।

पुलिस के मुताबिक पालदा निवासी सचिन गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट से जुड़ी एक पोस्ट देखी थी, जिसमें निवेश के टिप्स दिए जा रहे थे। आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर करीब 9 लाख 30 हजार रुपए ठग लिए।

जांच के दौरान पुलिस ने बैंक खातों के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार





आरोपियों में विशाल चौहान (बीड, महाराष्ट्र), गणेश राव (बीड, महाराष्ट्र), आशीष पंवार (देवास), नेवेघ्य सिरोजा (देवास) और रश्मिरंजन (ओडिशा) शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जा रहा था, जिसे कथित तौर पर कंबोडिया से ऑपरेट किया जा रहा था। इसी ग्रुप में लोगों को ठगी के तरीके और निवेश के झूठे टिप्स दिए जाते थे।

इधर, लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 114 स्थित स्वर्ण रेसिडेंसी में रहने वाले 27 वर्षीय ऋषिकेश निम्भोरकर ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल सुबह करीब 7:35 बजे उनके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। इसी दौरान अज्ञात आरोपी अंदर घुसा और कमरे में रखा बैग लेकर फरार हो गया। बैग में लैपटॉप, चार्जर, हेडफोन, हाथ घड़ी, आई ग्लास, एसबीआई और कोटक बैंक के दो क्रेडिट कार्ड सहित अन्य सामान रखा था। ऋषिकेश ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो एक अज्ञात युवक बैग लेकर फ्लैट से बाहर निकलते हुए दिखाई दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### दिनदहाड़े घर में घुसे चोर

चंदन नगर थाना पुलिस के मुताबिक बलाई मोहल्ला धार रोड निवासी 42 वर्षीय भागवंती रायकवार ने बताया कि 15 अप्रैल की सुबह वह ड्यूटी पर चली गई थीं। दोपहर करीब 12 बजे उनकी बेटी कृतिका घर पर ताला लगाकर कॉलेज चली गई। दोपहर करीब 1:45 बजे उनका बेटा अनिकेत घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और करीब 5 हजार रुपए नकद गायब थे। सूचना मिलने पर भागवंती घर पहुंचीं और आसपास पूछताछ की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला।

**इंदौर के डेली कॉलेज विवाद, ओल्ड डेलियंस को डिबेट का चैलेंज**

# बोर्ड प्रेसिडेंट विक्रम सिंह पवार बोले-किसी भी प्लेटफॉर्म पर कर लें बात, जून में होंगे चुनाव

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के डेली कॉलेज में आगामी चुनाव और संविधान संशोधन को लेकर गरमाए माहौल के बीच बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रेसिडेंट विक्रम सिंह पवार ने प्रदर्शन कर रहे ओल्ड डेलियंस को खुले तौर पर डिबेट की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी मंच पर चर्चा के लिए तैयार हैं, ताकि कथित अनियमितताओं की सच्चाई सामने आ सके। साथ ही विरोध कर रहे गुट से अपील की कि वे तथ्यों के आधार पर चर्चा के लिए आगे आएं।

विक्रम सिंह पवार ने संविधान संशोधन की प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह कानूनी बताया। उन्होंने कहा कि लीगल टीम की सलाह के अनुसार 15 दिन का अनिवार्य नोटिस पीरियड देने के बाद ही पूरी प्रक्रिया पूरी की गई। संशोधन को एजीएम में तीन-चौथाई बहुमत से पारित किया गया है और फिलहाल इसे सरकारी मंजूरी के लिए भेजा गया है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत की गई है और इसमें किसी प्रकार की अवैधता नहीं है।

**विवाद को बेवजह मुद्दा बनाने की कोशिश-** प्रेसिडेंट पवार ने कहा कि ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन और डेली कॉलेज दो अलग-अलग स्वतंत्र निकाय हैं। वर्तमान में प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य डबल इलेक्शन व्यवस्था खत्म कर एकल चुनाव प्रणाली लागू करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओल्ड डेलियंस के वोटिंग अधिकार समाप्त नहीं किए जा रहे, बल्कि संरचना में सुधार किया जा रहा है, ताकि चुने गए प्रतिनिधि को सीधे डेली कॉलेज के बोर्ड में स्थान मिल सके।

शैक्षणिक उपलब्धियों की अनदेखी पर जताई पवार ने कहा कि विवादों के बीच स्कूल की शैक्षणिक उपलब्धियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में दो छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में 99.4% अंक हासिल किए, जबकि 50% से अधिक छात्रों का परिणाम 90% से ऊपर रहा। साथ ही कैम्ब्रिज के चार टॉपर्स का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज की उपलब्धियों पर चर्चा करने के बजाय कुछ लोग केवल चुनावी माहौल बिगाड़ने में लगे हैं।

**हर तीन साल में जुड़ेंगे नए सदस्य-** नए संशोधनों के फायदे बताते हुए विक्रम सिंह पवार ने कहा कि इससे ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन और डेली कॉलेज कमेटी के बीच समन्वय बेहतर होगा। कॉमन लीडरशिप होने से दोनों संस्थाएं एक-दूसरे के पूरक के रूप में काम कर सकेंगी, क्योंकि ओल्ड डेलियंस भी इसी संस्थान का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन में जब बोर्ड सर्वसम्मति से चुना जाता है, तब कोई सवाल नहीं उठता, लेकिन डेली कॉलेज में निर्धारित प्रक्रिया का पालन होने के बावजूद विवाद खड़ा किया जा रहा है।

# इंदौर में एसआईपी के नाम पर लाखों की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट युवती के साथ निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। युवती दीपमाला ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान एक युवक से फीनिक्स मॉल में हुई थी, जहां वह पहले काम करती थी। इसी दौरान आरोपी हर्ष भार्गव उससे मिलने-जुलने लगा और धीरे-धीरे विश्वास जीत लिया।

आरोपी ने पहले युवती से प्रॉपर्टी में निवेश की बात की, फिर उसे रक्ढ (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) का सुझाव दिया। उसने दावा किया कि इस योजना में 25% तक मुनाफा मिलेगा। साथ ही कहा कि शुरूआत में 2 लाख रुपए जमा करने होंगे, इसके बाद कुछ समय तक पैसे नहीं देने होंगे और फिर हर महीने तय राशि जमा करनी होगी।

शिकायत के आधार पर परदेशीपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान और ठिकाने का पता लगाया जा रहा है, जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

दीपमाला ने आरोपी के झांसे में आकर फरवरी 2025 में पहले 25 हजार रुपए दिए। इसके बाद 19 और 21 फरवरी को 1 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। अप्रैल में 25 हजार नकद और 50 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड से निकालकर दिए। इतना ही नहीं, आरोपी एक हार भी लेकर आया, जिसे मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रखकर 98 हजार रुपए निकाले और वह रकम भी अपने पास रख ली। जून में युवती के घर में शोक होने के कारण कुछ समय तक आरोपी से संपर्क नहीं हुआ। बाद में जब दीपमाला ने रक्ढ से जुड़े दस्तावेज और आईडी मांगी, तो आरोपी टालमटोल करने लगा और कोई ठोस जानकारी नहीं दी।

**12 साल के बच्चे पर कुत्ते ने किया था हमला, पेट से खींच ली थी आंत**

# 56 दिन तक मौत से लड़ा 'धुरंधर', हॉस्पिटल से हुआ डिस्चार्ज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

12 वर्षीय बच्चा 56 दिन तक मौत से लड़ता रहा, कई बीमारियां होने के बाद भी बच्चे ने हिम्मत नहीं हारी। इसलिए डॉक्टरों ने उसे धुरंधर नाम दिया है।

कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एक 12 वर्षीय बच्चे पर कुत्ते ने ऐसा हमला किया कि वह आंत तक बाहर खींच लाया था। 56 दिन तक बच्चे का सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में इलाज चला, जिसके बाद उसे डिस्चार्ज किया गया। दरअसल, झाबुआ जिले के 12 वर्षीय बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। हमले में उसे कई गहरे घाव हो गए थे।



### इंदौर में तीन माह में 13 हजार से ज्यादा पर हमला

इंदौर में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जनवरी से मार्च तक 13 हजार से ज्यादा लोगों पर कुत्तों द्वारा हमले किए जा चुके हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़कों पर आवारा श्वानों का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आंकड़ों के मुताबिक मार्च माह में ही 4722 लोगों को घायल किया है। इन हमलों के शिकार सबसे अधिक महिलाएं और बच्चे हैं।

सबसे गंभीर घाव पेट और कमर के हुए। सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में बच्चे का इलाज शुरू किया। पीडियाट्रिक सर्जन डा. मनोज जोशी ने बताया कि बच्चे के शरीर में प्रोटीन और खून की भी कमी थी, जिससे घाव भरने में भी समय लग रहा था। इस पर विशेषज्ञों ने टोटल पैरेंट्रल न्यूट्रिशन (टीपीएन) के जरिये विशेष पोषण देना शुरू किया। बच्चा अब स्वस्थ है। बच्चे के उपचार में डॉ. राम, डॉ. मनीष, डॉ. मेघना, डॉ. ऐश्वर्या गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## खबर एक नजर...

### छात्रा के सुसाइड मामले में प्रेमी पर मामला दर्ज

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना 30 मार्च की है। श्रद्धाश्री कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय प्रीति मीणा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। कमरे से मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें छात्रा ने अपने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। टीआई सीबी सिंह के मुताबिक प्रीति मूल रूप से गुना जिले के चाचौड़ा क्षेत्र की रहने वाली थी और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। सुसाइड नोट में उसने बताया कि गांव के ही सरनाम मीणा से उसके पिछले 6 वर्षों से प्रेम संबंध थे। सरनाम अक्सर उससे मिलने इंदौर आता था। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। जब प्रीति ने उससे शादी की बात की, तो सरनाम ने साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि उसने प्रीति से यहां तक कह दिया कि वह आत्महत्या कर ले। 29 मार्च को सरनाम इंदौर आया था और दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ।

### पेड़ गिरने से बाइक सवार बाल-बाल बचा, हेलमेट ने बचाई जान

**इंदौर।** नवलखा इलाके में गुरुवार को एक बाइक सवार पर अचानक पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि उसने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसकी जान बच गई और उसे गंभीर चोट नहीं आई। एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के मुताबिक वायरल वीडियो संयोगितागंज क्षेत्र का है, जहां प्रकाश नगर में अचानक पेड़ गिरकर एक बाइक सवार पर आ गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसे हाथ और कंधे पर हल्की चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के रहवासियों से पूछताछ में घायल की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। वहीं, किसी भी अस्पताल से इस संबंध में थाने को सूचना नहीं मिली है।

### हीरानगर में सड़क हादसे में युवक की मौत

**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। टीआई सुशील पटेल के अनुसार मारुति नगर में एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार प्रवीण पारसी (निवासी बिजलपुर) को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल प्रवीण को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दोपहर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंदौर में एप्पल प्रोडक्ट बदलकर 14 लाख की ठगी

**इंदौर।** इंदौर में ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का चंदन नगर पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी महंगे एप्पल प्रोडक्ट मंगवाकर उन्हें बदलकर नकली सामान कंपनी को वापस कर देते थे। इस तरह करीब 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने वर्चुअल नंबर और फर्जी प्रोफाइल बनाकर अमेजन पर ऑर्डर किए। डिलीवरी के समय असली प्रोडक्ट जैसे ढङ्ग और पेंसिल निकालकर उसकी जगह नकली सामान पैक कर ऑर्डर को रिजेक्ट दिखाते हुए कंपनी को रिटर्न कर दिया जाता था। इस मामले में डिलीवरी पार्टनर कंपनी के कर्मचारी दीपक मोहेर और प्रवीण सिंह की भूमिका सामने आई है, जिन्होंने गिरोह के साथ मिलकर इस ठगी को अंजाम दिया। जांच के दौरान पुलिस ने दीपक मोहेर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मास्टरमाइंड रितिक गुप्ता का नाम सामने आया, जिसे तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जयपुर से गिरफ्तार किया गया है।

## खबर एक नजर...

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. इकबाल की स्मृति में 21 को रक्तदान शिविर

**उज्जैन।** 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा' के रचयिता डॉ. इकबाल की स्मृति में 21 अप्रैल, मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा रक्तदान को प्रोत्साहन देने के लिए यह शिविर जिला ब्लड बैंक चरक भवन में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रखा गया है।

संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि संस्था द्वारा निरंतर सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई जाती है। इसी श्रृंखला में यह आयोजन रखा गया है। शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप गुरु गोविंद सिंह अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक इकबाल उस्मानी एवं संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी ने युवाओं से अपील की है कि रक्तदान-महादान अभियान में शामिल होकर पुण्य कमाएं, क्योंकि आपका एक रक्तदान किसी के लिए जीवनदान बन सकता है।

### 39वां भेराजी सम्मान समारोह आज, डॉ. अनुराधा शर्मा और गीता पराग होंगी सम्मानित

उज्जैन` मध्य प्रदेश में मालवी एवं निमाड़ी लोकसंस्कृति का प्रतिष्ठा प्रसंग 'भेराजी सम्मान समारोह' आज 18 अप्रैल को कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में सायं सात बजे आयोजित किया जा रहा है।

मालवा लोककला एवं संस्कृति संस्थान के संयोजक-सचिव जयेश भेराजी ने बताया कि 39वें भेराजी सम्मान समारोह में इस वर्ष भेराजी सम्मान प्रख्यात लोकसंस्कृतविद एवं लोकगायिका डॉ. अनुराधा शर्मा और पारंपरिक लोकगीत-भक्ति संगीत गायिका गीता पराग को प्रदान किया जा रहा है। भेराजी सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुंबई के फिल्म निर्देशक अनिल दुबे होंगे और अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा करेंगे। डॉ. पद्मजा रघुवंशी होंगी। सांस्कृतिक आयोजनों के तहत नोलाई कला मंच, बडनगर द्वारा लोकगायन और लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

### सांसद पुत्रियों प्रियांशी और आहना ने किया मातृशक्ति का सम्मान, कैच लपकने पर दर्शकों को मिला नकद इनाम

# महिला क्रिकेट मैच के साथ मातृशक्ति का सम्मान, रोमांचक मुकाबलों के बाद मध्य प्रदेश क्वार्टर फाइनल में





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

क्षीरसागर स्टेडियम में स्व. श्री भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित 'फिरोजिया ट्रॉफी 2026' अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेल और सम्मान का अनूठा मंच बन गई है। प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन अधिनियम की भावना को आगे बढ़ाते हुए आयोजन में महिला क्रिकेट का विशेष मैच खेला गया और मातृशक्ति सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सांसद अनिल फिरोजिया की अनुपस्थिति में उनकी पुत्रियों प्रियांशी फिरोजिया एवं आहना फिरोजिया द्वारा मातृशक्ति का सम्मान किया गया। सांसद फिरोजिया ने इसे अत्यंत गर्व और संतोष का विषय बताते हुए संदेश दिया कि नारी शक्ति का सम्मान ही समाज की प्रगति का आधार है।

फिरोजिया ट्रॉफी में गुरुवार 16 तारीख को बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में दूसरे प्रदेश से आई बिहार और ओडिशा की टीमों के साथ मध्य प्रदेश की टीम की भिड़ंत हुई। शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश की टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, वहीं बिहार की टीम ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सांसद प्रतिनिधि कपिल कटारिया और चरणजीत सिंह सनी द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, ऋषि वर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, विक्रम ठाकुर, रितेश जटिया और महामंत्री शानू मेहता उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत कपिल कटारिया ने किया। मैचों के दौरान दर्शकों में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार के मैचों में जिन दर्शकों ने कैच लपके, उन्हें माननीय सांसद अनिल फिरोजिया की ओर से उनके प्रतिनिधियों द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 12 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस बड़े ओपन टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5 लाख 51 हजार रुपए और उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### शहीद पार्क से चामुंडा माता चौराहे तक हजारों युवाओं ने की नारेबाजी

## विहिप-बजरंग दल ने निकाला पैदल मार्च, गूंजा 'लव जिहाद बंद करो' का नारा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

लव जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा देशभर में चलाए जा रहे आंदोलन के तहत उज्जैन में भी एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। हजारों कार्यकर्ताओं की भागीदारी वाला यह मार्च शहीद पार्क से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ चामुंडा माता चौराहे पर जाकर संपन्न हुआ।



मार्च के दौरान पूरे मार्ग पर युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने जोरदार नारेबाजी की। 'लव जिहाद बंद करो, नारी के सम्मान में बजरंग दल मैदान में' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए इस मोर्चे के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय थाना प्रभारी अनिल पाराशर को एक ज्ञापन सौंपा।

जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रेषित इस ज्ञापन में देश में बढ़ती जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों और सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली यह मानसिकता वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है।

ज्ञापन में उठाए गए प्रमुख मुद्दे

ज्ञापन में कई गंभीर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। नासिक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुए प्रकरणों का हवाला देते हुए बताया गया कि लव जिहाद का दायरा अब सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है। उत्तर प्रदेश के छंगुर उर्फ जमालुद्दीन और उसकी महिला सहयोगी नसरीन द्वारा कई हिंदू कन्याओं का शारीरिक शोषण कर ब्लैकमेल करने और जबरन धर्मांतरण करवाने के मामलों का भी उल्लेख किया गया। ज्ञापन में आतंकी कनेक्शन का जिक्र करते हुए बताया गया कि दिल्ली लाल किले ब्लास्ट में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े जिहादी मानसिकता वाले मुस्लिम डॉक्टरों द्वारा बम ब्लास्ट किया गया था, जिसमें महिला डॉक्टर शाहीन के भी शामिल होने की बात है। इसके अलावा, देश के विभिन्न नगरों में वन, सार्वजनिक, रेलवे और सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से हो रहे अवैध कब्जों (लैंड जिहाद) को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधी चुनौती बताया गया। समाज में वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों को अपवित्र करने की निरंतर सामने आ रही घटनाओं को नागरिकों की धार्मिक भावनाओं और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताया गया। साथ ही, मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अल्पसंख्यक हिंदू परिवारों और जनजाति समाज की अवयस्क बालिकाओं का शारीरिक व मानसिक शोषण कर उन्हें पलायन के लिए विवश करने का गंभीर मुद्दा भी उठाया गया।

### सर्वसम्मति से युवा आंजना समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने महेश आंजना

**उज्जैन।** युवा आंजना समाज महासभा मध्य प्रदेश की बैठक नर्मदा गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में युवाओं के विकास, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में समाज की उन्नति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई अहम निर्णय लिए गए। महामंत्री दिलीप आंजना पचलासी व अशोक आंजना मोहनपुरा ने बताया कि वर्तमान अध्यक्ष संजय आंजना आकासोदा की व्यस्तता के कारण आगामी चुनाव तक पूर्व अध्यक्ष महेश आंजना खुशलाखेड़ी को सर्वसम्मति से पुनः प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संरक्षक ज्ञानेंद्र आंजना इंदौर, जीवनसिंह आंजना पचलासी और केसरसिंह पटेल उज्जैन के साथ ही दिलीप आंजना पचलासी, अशोक आकोदिया मोहनपुरा, शंकरलाल चकरावदा, संदीप निम्बोदा, धर्मेंद्र बोरखेड़ा भल्ला, मनोहरसिंह राईपुरा, अजय मोहनपुरा, सुरेश इकलेरा, भरतसिंह गिरोता, विक्रमसिंह दूधावती और शैलेंद्र राहुल पिपलिया धुमा की उपस्थिति में की गई।

# शिप्रा का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी - अजीता परमार

### शिप्रा तट पर पूजन-आरती कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन द्वारा संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षण संस्था ने पुण्य सलिला शिप्रा नदी के तट पर विधिवत पूजन और आरती का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थितजनों को जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

कार्यक्रम संयोजक पूनम दुबे ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में



जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन ने सहभागिता की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय व जिला पंचायत सदस्य अजीता परमार ने कहा कि शिप्रा नदी हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का अभिन्न आधार है। इसका संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जल गंगा संवर्धन अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

नगर विकास समिति अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने कहा कि 'जल ही जीवन है'। यदि आज हम जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित और विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्य रूप से अवनी श्री जनकल्याण संस्था की उपाध्यक्ष प्रिया व्यास, ज्योति व्यास, रक्षा पालीवाल, आयुषी दुबे सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने शिप्रा नदी के संरक्षण, जल संवर्धन और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा समाज में जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## खबर एक नजर...

### दावत लाइफ में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अशोक स्वीट्स सम्मानित

**उज्जैन।** दावत लाइफ प्रोग्राम के तहत उत्कृष्ट व्यापारिक प्रदर्शन करने पर शहर के प्रतिष्ठान अशोक स्वीट्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दावत के अधिकृत वितरक सम्यक ट्रेडर्स ने प्रोत्साहन स्वरूप अशोक स्वीट्स को होंडा एक्टिवा भेंट की।

कार्यक्रम में सम्यक ट्रेडर्स के संचालक शेषमल चोपड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। दावत कंपनी की ओर से आरएसएम भूपेंद्र तिवारी, एएसएम जितिन शर्मा, टीसी पंकज कबीर और डीएसएम रवि पाटीदार उपस्थित थे। अतिथियों ने अशोक स्वीट्स की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य व्यापारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

वक्ताओं ने कहा कि दावत लाइफ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक सहयोगियों को प्रोत्साहित करना और उनके उत्कृष्ट कार्य को सम्मान देना है। अशोक स्वीट्स ने निरंतर बेहतर प्रदर्शन, ग्राहकों के प्रति समर्पण और गुणवत्ता बनाए रखकर यह उपलब्धि हासिल की है। इस मौके पर उपस्थित व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रतिष्ठान को बधाई देकर शुभकामनाएं दीं। सम्यक ट्रेडर्स के वितरक चंद्र प्रकाश चोपड़ा ने बताया कि कंपनी समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर व्यापारियों का उत्साहवर्धन करती है, ताकि बाजार में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता का स्तर बना रहे।

### रेखा झालानी बनीं खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**उज्जैन।** खंडेलवाल महिला मंडल के चुनाव माधव क्लब में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रेखा झालानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया।

नई कार्यकारिणी के अन्य पदों पर उषा रावत और मधु को उपाध्यक्ष, सरोज जांघनिया को सचिव, अनीता गुप्ता को सहसचिव तथा संतोष वैद्य को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात संस्था की पूर्व अध्यक्ष संध्या बवाल ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था की पूर्व अध्यक्ष सविता गुप्ता, मंजुला सहारा, मिथिलेश माली, उषा झालानी और उषा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थीं।

### 500 श्रद्धालुओं ने बसों से की एक दिवसीय पंचकोशी यात्रा, भजनों पर झूमे यात्री

**उज्जैन।** श्री महाकाल नियमित भोग आरती संगठन द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लगभग 500 महिला-पुरुषों को बसों एवं अन्य वाहनों के माध्यम से एक दिवसीय पंचकोशी यात्रा कराई गई। यात्रा को नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, समाजसेवी नारायण यादव और विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष विनोद लाला एवं संयोजक अजीत मंगलम ने किया।

# माधव कॉलेज के आयुष ने 'अष्टलक्ष्मी दर्शन' कार्यक्रम में किया असम का भ्रमण, एमपी रहा अव्वल

## पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति और विरासत से हुए रूबरू, महाविद्यालय लौटने पर कैडेट का हुआ आत्मीय स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के एनसीसी अंडर ऑफिसर आयुष मालवीय ने भारत सरकार की उत्तर पूर्व परिषद द्वारा आयोजित 'अष्टलक्ष्मी दर्शन आदान-प्रदान कार्यक्रम' में चयनित होकर असम में सहभागिता की। वहां 14 दिवसीय भ्रमण कर लौटी मध्य प्रदेश की 20 सदस्यीय टीम ने इस आयोजन की ब्रीफिंग रिपोर्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कैडेट आयुष का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की इस अनूठी पहल का उद्देश्य देश के युवाओं को पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और विकास यात्रा से परिचित कराना है। इससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होने के साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा मिलता है।

भूगोल विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष के छात्र आयुष ने पूर्वोत्तर के अपने अनुभव साझा किए। 26 मार्च से 7 अप्रैल 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्रों में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम सहित अन्य राज्यों के इतिहास व पर्यटन पर चर्चा हुई। दल ने रोजकैंडी टी फैक्ट्री, कुंभिरग्राम एयरफोर्स स्टेशन, सीआईजेडब्ल्यूएस मिजोरम, बंधनपुर पोर्ट, सिलचर यूनिवर्सिटी, एनआईटी सिलचर और हाफलोंग का भ्रमण कर व्यावहारिक व तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। साथ ही स्थानीय मंदिरों, बाजारों और बांग्लादेश सीमा के सिरभूमि क्षेत्र का दौरा भी किया। कार्यक्रम में उद्यमिता, व्यक्तित्व विकास और असम राइफल्स से जुड़े विशेष सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे कैडेट्स के आत्मविश्वास और अनुशासन में वृद्धि हुई। महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह का संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया तथा आभार मेजर डॉ. मोहन निमोले ने माना। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बीएस आखंड, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. एलएस गोरास्या, डॉ. आनंद सिंह ठाकुर और डॉ. नूतन पंवार सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

### पंचकोशी यात्रा सेवा, श्रद्धा और समरसता का प्रतीकः अजीता परमार

# अवनि श्री ने श्रद्धालुओं को बांटे भोजन के पैकेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




धार्मिक पंचकोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन के अंतर्गत गठित नगर विकास समिति वार्ड 21 एवं 22 तथा अवनि श्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था ने संयुक्त रूप से भोजन पैकेट वितरण किया। मां शिप्रा की आरती और पूजन के पश्चात समिति सदस्यों एवं संस्था के कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को भोजन के पैकेट बांटे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य अजीता परमार ने कहा कि पंचकोशी यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एक-दूसरे की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने संस्था सदस्यों के साथ यात्रियों की कुशलक्षेम पूछी और यात्रा पूर्ण होने की शुभकामनाएं दीं।

संस्था अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने बताया कि इस सेवा कार्य से यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को राहत मिली और समाज में सहयोग की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ। विशेष अतिथि एवं जिला समन्वयक जय दीक्षित ने कहा कि जन अभियान परिषद का उद्देश्य समाज में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। वहीं, विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने भोजन व जल की व्यवस्था को अत्यंत पुण्य का कार्य बताया। आयोजन में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक पूनम दुबे, प्रिया व्यास, रक्षा पालीवाल, ज्योति व्यास और आयुषी दुबे उपस्थित थीं। सेवा कार्य में समिति सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

### पना महोत्सव के साथ समिति संयोजकों का हुआ सम्मान

उज्जैन। पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां जयंती महोत्सव गोमतीकुंड मंगलनाथ रोड स्थित आचार्य महाप्रभु की बैठक पर पना मनोरथ के साथ संपन्न हो गया। बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय जयंती कार्यक्रम मनाया गया। 11 अप्रैल से चल रहे इस पांच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन ठाकुरजी को लगभग डेढ़ क्विंटल खरबूजे के पने का विशेष भोग लगाकर क्षमा याचना की गई और पुष्प वितान सजाया गया। दीपक राजवानी ने बताया कि पुष्टिमार्ग में पना महोत्सव का एक अलग और महत्वपूर्ण स्थान है। यह महोत्सव साल भर में केवल एक बार वल्लभाचार्य जयंती के अवसर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाता है।

# 151 किलो गुलाब जामुन वितरण के साथ सात दिवसीय जल मंदिर का समापन

### पूज्य श्री गोपाल राव सोनोने सेवाश्रम की पहल, यात्रियों को बांटी गई छाछ, पपीता और आइसक्रीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूज्य श्री गोपाल राव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में पंचकोशी यात्रियों के लिए लगाए गए सात दिवसीय जल मंदिर का समापन गुलाब जामुन वितरण के साथ किया गया। समापन अवसर पर हरि सिंह यादव, सेवाश्रम के संस्थापक महेश सोनोने, रूप सिंह बुंदेला और प्रेम नारायण टाटावत ने संयुक्त रूप से यात्रियों को 151 किलो गुलाब जामुन वितरित किए।

संस्थापक महेश सोनोने ने बताया कि जल मंदिर में यात्रियों के लिए जल और आइसक्रीम की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही उपाध्याय परिवार द्वारा पपीता तथा दिनेश टाटावत परिवार द्वारा छाछ का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों के लिए पांच दिनों तक विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का सतत वितरण चलता रहा।

इस सेवा कार्य में वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह यादव, गोपाल जी बागरवाल, मनोहर परमार, अजीत मंगलम, अनिल लश्करी, पंडित संतोष शर्मा, सुनीता सोनोने, रेखा टाटावत, निर्मला बुंदेला, शीलादेवी और सुशीला ठाकुर ने अपनी सक्रिय सेवाएं दीं। अंत में सभी का आभार सेवाश्रम संचालक सुनीता सोनोने ने माना।

# महाकाल सेना ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को भेजा स्मरण पत्र

### निरंजनी अखाड़े द्वारा की गई पूजा को बताया शास्त्र विरुद्ध, महानिवार्णी अखाड़े के अध्यक्ष से पूछा- क्या यह विधान सम्मत है?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पिछले दिनों चैत्र मास की महाअष्टमी पर निरंजनी अखाड़े के रवींद्रपुरी द्वारा की गई नगर पूजा का मुद्दा गमार्ता जा रहा है। इसे शास्त्र विरुद्ध बताते हुए महाकाल सेना ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महानिवार्णी अखाड़े के रवींद्रपुरी जी को एक स्मरण पत्र भेजा है। पत्र में उनसे पूछा गया है कि क्या यह नगर पूजा शास्त्र सम्मत है?

महाकाल सेना का तर्क है कि चैत्र मास में नगर पूजा का उल्लेख या विधान किसी भी शास्त्र में नहीं मिलता है। संगठन ने चिंता जताई है कि इस तरह शास्त्र विरुद्ध नगर पूजा करने से शहर और यहां की जनता का कोई अनिष्ट न हो जाए। उल्लेखनीय है कि अखाड़ा परिषद के दो अध्यक्ष हैं, जिनमें से एक ने यह नगर पूजा की है। इसलिए महाकाल सेना ने दूसरे अध्यक्ष से इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

महाकाल सेना के संगठन प्रमुख पंडित राम शर्मा उर्फ रामू गुरु ने बताया कि पूर्व में भी इस संबंध में महानिवार्णी अखाड़े के अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था, लेकिन अब तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए अब स्मरण पत्र भेजकर आग्रह किया गया है कि वे संन्यासी और वेद-शास्त्रों के ज्ञाता होने के नाते सनातन धर्म की रक्षा करें।

संगठन प्रमुख ने कहा कि उन्हें सत्य बोलकर परंपरा को बचाना चाहिए और नगर पूजा का सही विधान बताना चाहिए। महाकाल सेना ने स्पष्ट किया है कि यदि वे इस विषय पर धर्मयुक्त बात नहीं बोलते हैं और आम जनता के सामने सत्य नहीं रखते हैं, तो सनातन धर्म को मानने वालों को यह विचार करना होगा कि उन्हें अध्यक्ष माना जाए या नहीं।

## खबर एक नजर...

### खुशी मीणा ने 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

**उज्जैन।** नूतन स्कूल इंदिरा नगर में अध्ययनरत छात्रा खुशी मीणा ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उज्जैन जिले की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान पक्का किया है। श्रीकृष्ण कॉलोनी निवासी संतोष मीणा और वंदना बाई की बेटी खुशी की इस शानदार उपलब्धि से परिवार सहित पूरे मीणा समाज में हर्ष का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मीणा समाज में अब तक किसी भी विद्यार्थी ने कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत का यह उच्च आंकड़ा हासिल नहीं किया था। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता से खुशी ने न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर मीणा समाज सेवा संगठन के उज्जैन जिला अध्यक्ष योगेश मीणा, समाजसेवी राजेश मीणा, अजय बारवाल, सतीश चांदा और महेंद्र मीणा दादू ने प्रतिभावान छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिलाध्यक्ष योगेश मीणा ने बताया कि समाज को गौरवान्वित करने वाली इस होनहार बालिका का संगठन की ओर से विशेष सम्मान किया जाएगा और आगे भी उसे हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### श्री चिड़ार समाज ने की पंचकोशी यात्रियों की सेवा, बांटी सवा 2 क्विंटल ककड़ी और चॉकलेट

**उज्जैन।** श्री चिड़ार समाज द्वारा 118 किलोमीटर की कठिन पंचकोशी यात्रा कर लौटे यात्रियों के लिए निजातपुरा क्षेत्र में सेवा कार्य किया गया। समाजजनों ने यात्रियों को सवा 2 क्विंटल ककड़ी और चॉकलेट वितरित कर उनकी थकान दूर की।

कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र गोईया एवं मोहन चंदेल ने बताया कि समाज संरक्षक रहे स्व. हरिनारायण हनुमन्तैया की स्मृति में श्रद्धालुओं को ककड़ी खिलाई वहीं स्व. रामेश्वर गोईया की स्मृति में यात्रियों को चॉकलेट खिलाकर उनका मुंह मीठा किया गया। समाज संरक्षक पुरुषोत्तम मगरे के नेतृत्व में यह सेवा कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान विद्या हनुमन्तैया, नारायण आठिया, सन्नी गोईया, अजय मगरिया, सुनीता मगरिया, गंगाबाई सहित समाजजनों ने यात्रियों को ककड़ी बांटी। वहीं प्रणव चंदेल, पार्थ (लड्डू) गोईया एवं कनक मगरिया ने पंचकोशी यात्रियों को चॉकलेट खिलाई।

### नागरिकों ने लिया नियमित जल भरने का संकल्प

**उज्जैन।** भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार द्वारा बड़े जलपात्रों का निःशुल्क वितरण कर उनकी स्थापना की गई। संस्था की पिछले 12 वर्षों से निरंतर चल रही सेवा परंपरा के तहत इस वर्ष भी यह अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 50 के पार्षद विकास मालवीय ने ध्वजारोहण व जलपात्रों के पूजन के साथ किया।

# जीर्णोद्धार के बाद बढ़ी स्टाप डेम की क्षमता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत खोरिया सुमरा में पीपलीखेड़ा स्थित स्टॉप डेम एक बार फिर किसानों के लिए, जीवनदायी साबित हुआ है। यह स्टॉप डेम मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2012 में 9.92 लाख की लागत से निर्मित किया गया था। समय के साथ इसमें गाद (सिल्ट) जमा हो जाने के कारण इसकी जल भंडारण क्षमता काफी कम हो गई थी।जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत ग्राम पंचायत खोरिया सुमरा में इस स्टॉप डेम की व्यापक साफ-सफाई एवं गाद निकासी (डिसिल्टिंग) का कार्य किया गया।

इस कार्य के उपरांत स्टॉप डेम की जल भंडारण क्षमता बढ़कर लगभग 9500 घन मीटर हो गई है।पहले किसान मुख्य रूप से नहर के पानी पर निर्भर थे, लेकिन नहर में पानी की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण सिंचाई प्रभावित होती थी।

फसलें सूखने का खतरा रहता था और कृषि उत्पादन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।डिसिल्टिंग के बाद स्टॉप डेम अब नहर के पानी के साथ वर्षा जल को भी प्रभावी ढंग से संचयित कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप 80 से 100 किसानों को विश्वसनीय सिंचाई सुविधा उपलब्ध हुई है , आसपास के कुओं के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है , नहर एवं वर्षा जल का बेहतर संचयन हो रहा है ,कृषि उत्पादन में सुधार के साथ किसानों की आय में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है ।यह स्टॉप डेम नहर के अतिरिक्त वर्षा के पानी को भी एकत्रित करता है, जिससे सूखे के मौसम में भी किसानों को समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है। यह जल संरक्षण का एक उत्कृष्ट मॉडल साबित हो रहा है।

जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत किए गए इस कार्य ने साबित कर दिया है कि छोटे-छोटे प्रयासों और जनभागीदारी से बड़े परिवर्तन लाए जा सकते हैं।यह पहल न केवल जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का भी एक जीवंत उदाहरण है।

### सद्गुरु कबीर के सेवा मार्ग पर महासंघ, निःशुल्क चिकित्सालय प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सद्गुरु कबीर साहब के दया, करुणा, प्रेम, सद्भावना और मानव हित के संदेश को आत्मसात करते हुए अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने जन कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चुरामन साहेब की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ के स्मार्ट सिटी नवा रायपुर में निःशुल्क ओपीडी सेवा के तहत स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श की शुरूआत की गई है। इस केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त ईसीजी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इंदौर निवासी और महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता तारासिंह डोडवे ने बताया कि वर्तमान में इस चिकित्सालय में पूर्व आरएमओ एवं डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विकास अग्रवाल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चुरामन साहेब के अनुसार भविष्य में स्त्री रोग, शिशु रोग तथा हड्डी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा प्रारंभ करने की विस्तृत योजना है। गौरतलब है कि महासंघ की छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर जनहित में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं।

### महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया मान

उज्जैन। महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अंतर्गत संचालित आलोक इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यार्थियों ने शानदार अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा ने बताया कि परीक्षा में कृष्णपाल सिंह सोलंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिवराज सिंह चौहान ने द्वितीय एवं शिवराज सिंह चौहान ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा भानुप्रताप सिंह चावड़ा ने चतुर्थ तथा सुमित गुर्जर ने पांचवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन को दिया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन आलोक वशिष्ठ, प्राचार्या यामिनी पाटणकर एवं समस्त शिक्षकगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने हैप्पी आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने शुक्रवार को आठवें पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत सदावल स्थित स्वेज फार्म आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया और यहां पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।मंत्री सुश्री भूरिया ने इस अवसर पर कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं, चलाई जा रही हैं, जिनसे महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है तथा उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान किया जा रहे हैं।

महिलाएं गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन करें ताकि नवजात शिशु स्वस्थ जन्म ले। आंगनवाड़ी केंद्र में कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए। महिलाएं अपने घर पर पौष्टिक मोटे अनाज से निर्मित व्यंजनों को अधिक से अधिक बनाएं और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का सेवन करें। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और उनकी अच्छी परवरिश करने की जिम्मेदारी केवल मां की नहीं बल्कि पूरे परिवार की होती है।

हमारा निरंतर प्रयास है कि प्रदेश की महिलाएं, बहनें ,माताएं स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें और सशक्त बनें। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा संसद में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए ३३% आरक्षण के अधिनियम पर चर्चा की जा रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी मध्य प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है मंत्री सुश्री भूरिया ने आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच कर वहां बच्चों को बैग वितरित किए। मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लगाई गई पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा वहां पर मोटे अनाज से निर्मित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर किए गए और पौधारोपण भी किया गया।

मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहन योजना, लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत विद्यालयों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही कुपोषण से सुपोषण की ओर अभियान के अंतर्गत सुपोषित बच्चों रुद्र, आरती, आनंद को सम्मानित भी किया गया। मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का भी सम्मान किया गया।उल्लेखनीय है कि यह केंद्र सीएसआर के नोबल स्वैच्छिक संगठन नोवैल सोशल फाउंडेशन द्वारा नवीनीकृत किया गया है। यह उज्जैन का पहला हैप्पी आंगनवाड़ी केंद्र है। संस्था के श्री आनंद दुबे ने बताया कि यहां पर संस्थान द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# डॉ. कुशवाह ने जन्मदिवस के अवसर पर सबसे पहले पोर्टल पर की स्व गणना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन ।

सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय कार्यपरिषद सदस्य डॉ. राजेश कुशवाह ने जन्मदिवस के अवसर पर सबसे पहले स्व गणना पोर्टल का उपयोग करते हुए मात्र ५ मिनट में अपनी स्व गणना पूरी कर एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। स्व गणना पोर्टल उपयोग करने का उनका अनुभव बेहद सहज और संतोषजनक रहा। उन्होंने बताया कि पोर्टल का इंटरफेस सरल है और सामान्य व्यक्ति भी बिना किसी विशेष तकनीकी जानकारी के इसे आसानी से उपयोग कर सकता है। भारत की पूर्णतः प्रथम डिजिटल जनगणना कार्य में स्व गणना का कार्य १६ अप्रैल से शुरू हुआ है। नागरिक स्वयं आसानी और सरलता से स्व गणना पोर्टल के माध्यम से स्व गणना में भाग ले रहे हैं। स्व गणना पोर्टल न केवल समय की बचत करता है, बल्कि नागरिकों को आत्मनिर्भर भी बनाता है। स्व गणना पोर्टल पर नागरिकों को शासन द्वारा निर्धारित प्रश्नों की जानकारी स्वयं भरनी होती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, इससे जनगणना की पारंपरिक प्रक्रिया में लगने वाला समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। इस पहल का एक बड़ा लाभ यह है कि डेटा की सटीकता में सुधार होता है, क्योंकि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करते हैं। साथ ही, पारदर्शिता और विश्वस नीयता भी बढ़ती है। डॉ. कुशवाह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस डिजिटल पहल का अधिक से अधिक उपयोग करें और स्व गणना में भाग लेकर देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### कैलाशमान बावड़ी जावरा में चलाया गया सफाई अभियान

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु "जल गंगा संवर्धन अभियानइ संचालित किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद जावरा द्वारा अभियान अंतर्गत निकाय स्वामित्व की कैलाशमान बावडी में आज 17 अप्रैल को विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता करना है। अभियान दौरान बावडी में जमी गंदगी, एवं अन्य कचरे को हटाया गया।

### डॉ. आंबेडकर के परपोते राजरत्न आंबेडकर का प्रथम उज्जैन आगमन अभिनंदन

**उज्जैन।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के परपोते और भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आंबेडकर के प्रथम उज्जैन आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अजाक्स पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ उनका आत्मीय सम्मान किया।

जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि स्वागत करने वालों में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी, उज्जैन जिला सचिव मुकेश रायकवार और वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ संपूर्ण भारत इकाई उज्जैन के जिलाध्यक्ष रवि सीहोते प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# सनावद नगर विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने, रेल मंत्री को पत्र प्रेषित कर निमाड़ क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की

ब्रह्मास्त्र ▶▶ सनावद

भारतीय रेल परिवहन दिवस 16 अप्रैल के अवसर पर सनावद नगर विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित कर निमाड़ क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ाने और रेल संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की है।

समिति के डॉ.राजेंद्र पेलोड़, ओमप्रकाश बंसल,धीरेंद्र सोलंकी, राकेश गेहलोत,जाकिर हुसैन अमी,कमल जैन,सुरेश पंडित ने बताया कि खंडवा से सनावद के बीच मेमू ट्रेन का संचालन वर्तमान में दिन में दो फेरे सुबह 9 बजे एवं दोपहर 1.35 बजे किया जा रहा है। इस ट्रेन में सैकड़ों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। सदस्यों ने रेलमंत्री से इस मेमू ट्रेन का एक अतिरिक्त फेरा बढ़ाने और खंडवा से सुबह 6 बजे ट्रेन प्रारंभ कर सनावद से सुबह 9 बजे वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है मेमू ट्रेन का अतिरिक्त फेरा बढ़ाने से नौकरीपेशा, विद्यार्थी, किसान एवं मजदूर वर्ग को बड़ी सहूलियत मिलेगी। साथ ही ओंकारेश्वर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भी सुविधा होगी और रेलवे के राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी।

सदस्यों ने वर्तमान में संचालित की जा रही मेमू ट्रेन का संचालन सप्ताह में पांच दिन की जगह सप्ताह के सातों दिन करने और रेलवे स्टेशन तथा बसस्टैंड पर यात्री ट्रेन आवागमन की जानकारी देने वाले डिजिटल सूचना बोर्ड लगाने की मांग की है। सदस्यों ने पत्र में ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन का संचालन प्रारंभ करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सनावद से ओंकारेश्वर रोड के बीच सीआरएस हुए लगभग २ वर्ष हो चुके हैं परंतु अब तक मेमू ट्रेन को ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक नहीं ले जाया जा रहा है। जबकि वहां प्लेटफॉर्म, शेड, पानी, बिजली एवं टिकट घर जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं सदस्यों ने पत्र में सनावद रेलवे स्टेशन को टर्मिनस बनाने का सुझाव दिया है। पत्र के अनुसार ओंकारेश्वर रोड स्टेशन पर विस्तार की सीमित संभावनाओं को देखते हुए सनावद रेलवे स्टेशन को टर्मिनस बनाना उचित होगा। क्योंकि सनावद रेलवे स्टेशन के आगे सूत मिल क्षेत्र तक लगभग 1.5 किमी में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है इसलिए सनावद रेलवे स्टेशन को टर्मिनस बनाकर यहां से ओंकारेश्वर सहित नासिक,तिरुपति, परली वैजनाथ एवं वाराणसी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों हेतु ट्रेन संचालन का सर्वे कराया जाए पत्र में कहा गया है कि पूर्व में सनावद रेलवे स्टेशन पर मीटरगेज रेल लाइन के दौरान एक बड़ा गोदाम संचालित था। वर्तमान में निमरानी से खाद की रेक सप्ताह में 4-5 दिन

# शिव मंदिर में दिनदहाड़े चोरी: एक किलो का तांबे का नाग चुराते पकड़ाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

आस्था के केंद्र बने शिव मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात ने शहर को झकझोर दिया। कसेरा बाजार स्थित शिव मंदिर से शिवलिंग पर स्थापित करीब 1 किलो वजनी तांबे का नाग बदमाश द्वारा चुरा लिया गया। खास बात यह रही कि वारदात मंदिर के अंदर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गई, जिसने चंद घंटों में ही पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया। फरियादी शैलेश वर्मा (53), निवासी कसेरा बाजार ने सिटी कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे बर्तन की दुकान संचालित करते हैं। 15 अप्रैल की दोपहर करीब 3.30 बजे अज्ञात चोर ने भारत टॉकीज के पास स्थित शिव मंदिर में घुसकर शिवलिंग पर स्थापित तांबे का नक्काशीदार नाग चुरा लिया। नाग पर शिव मंदिर कसेरा बाजार बुरहानपुर और च्च्स्रूयक्क्रज्ज अंकित था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है।मंदिर समिति और स्थानीय लोगों ने तुरंत ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाले। वीडियो में एक युवक बेहद सहज तरीके से मंदिर के अंदर पहुंचकर नाग निकालते हुए नजर आया। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान शेख अकिल पिता शेख यासीन, निवासी खैराती बाजार के रूप में हुई। जैसे ही आरोपी की पहचान हुई, मोहल्ले के लोगों में आक्रोश फैल गया। आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और बिना देरी किए सिटी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

# छात्रा खुशबू हिरवे ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया

**मंडलेश्वर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा १५ अप्रैल को घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में ग्राम कवड़िया के शासकीय हाई स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय की यह उपलब्धि लगातार छठे वर्ष भी बरकरार रही, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सभी छात्र सफल रहे। इनमें से 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय की छात्रा खुशबू धर्मेंद्र हिरवे ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और संस्था में टॉपर बनीं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है इस सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सिद्धनाथ उपाध्याय सहित शिक्षकगण दिनेश कुमार वर्मा, महेंद्र पाटीदार, सुरेंद्र सेन, राकेश पाटीदार, महेंद्र खेड़े और प्रकाश पाटीदार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने उप राजस्व अधिकारी को 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

ब्रह्मास्त्र ▶▶ खरगोन



केंद्र सरकार की महती प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के नाम पर रिश्वत लिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस भ्रष्टाचार को लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने उजागर किया है। लोकायुक्त पुलिस ने जिले के भीकनगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के नाम पर रिश्वत ले रहे उप राजस्व अधिकारी मयंक जैन को रंगेहाथ पकड़ा है। अधिकारी ने पीएम आवास की दूसरी किस्त जारी करने के एवज में 15 हजार रुपए की बड़ी राशि रिश्वत के रुप में मांगी थी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, किरायेदारों को खुद का पक्का आवास बनाने के लिए पीएम आवास योजना शुरू की थी, लेकिन इस योजना को खुद शासन के नुमाइंदे पलीता लगाने से बाज नही आ रहे। हालांकि योजना की राशि सीधे हितग्राही के खाते में आती है, लेकिन कागजी कार्रवाई के नाम पर योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया जा रहा है।

लोकायुक्त पुलिस से जानकारी के अनुसार, भीकनगांव में वार्ड क्रमांक 6 निवासी सिराज उर्फ कालू, पिता मकसूद पठान, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थी है। योजना की दूसरी किस्त जारी कराने के लिए उप राजस्व अधिकारी मयंक जैन द्वारा उससे 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग जा रही थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी कार्यालय इंदौर में की। शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त एसपी के निर्देश पर ट्रैप दल का गठन किया गया।

# नगर पालिका परिषद द्वारा 'नारी शक्ति वंदन' अभियान के तहत सम्मान समारोह का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▶▶ बड़वानी

नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए नगर पालिका (नपा) द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं का आज सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस दौरान कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी नपा अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान व नपा उपाध्यक्ष शुभाष भावसार व पार्षद व पार्षद जनप्रतिनिधियों सहित एल्डरमैन की मौजूदगी में प्रमाण पत्र व शील्ड भेंट की वही इस कार्यक्रम को लेकर नपा अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान ने मुख्य रूप से 'नारी शक्ति वंदन' अभियान का हिस्सा बताया है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, उन्हें समाज में निर्णय लेने की मुख्यधारा में शामिल करना और उनके कार्यों की सराहना करना।

इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाए व महिला पार्षदों, स्वच्छता कर्मियों, उद्यमियों, और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन को लेकर नपा अध्यक्ष चौहान ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण बिल) के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में ३३त्र आरक्षण के प्रावधान का जश्न मनाया जा रहा है, जिसे आधी आबादी के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। जो आज इसी कड़ी में नपा सभा ग्रह में नारी सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष अश्वनी निक्कू चौहान उपाध्यक्ष सुभाष भावसार पार्षद व पार्षद जनप्रतिनिधि एवं नवनियुक्त एल्डरमैन सहित स्वयं को सहायता समूह की महिलाएं छात्राएं वह स्वच्छता कर्मी महिलाएं सहित तमाम क्षेत्र की महिलाएं व सीएमओ सोनाली चौहान एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम सरवना में दीवार लेखन करवाया

उज्जैन। उज्जैन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड खाचरौद, सेक्टर उन्हेल के अंतर्गत नवांकुर संस्था सरवना उन्हेल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम सरवना में दीवार लेखन करवाया गया इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण, जल संवर्धन तथा जल के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। दीवार लेखन के माध्यम से जल शक्ति से नव भक्ति का संदेश दिया गया, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए राज्यव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का हिस्सा है।नवांकुर संस्था सरवना उन्हेल के सदस्यों तथा स्थानीय ग्रामवासियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। दीवार लेखन में जल स्रोतों के संरक्षण, उनकी स्वच्छता, भू-जल स्तर सुधार तथा भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने संबंधी संदेश प्रमुखता से उकेरे गए।यह गतिविधि जन अभियान परिषद की स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन की भावना को मजबूत करती है तथा ग्राम स्तर पर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में सहायक सिद्ध होगी।नवांकुर संस्था सरवना उन्हेल के समन्वयक एवं सदस्यों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। आगे भी अभियान के अंतर्गत श्रमदान, जल मंदिर निर्माण, पौधारोपण जैसी गतिविधियां निरंतर चलाई जाएंगी।

# केंद्रीय विद्यालय नेपानगर का सीबीएसई 10वीं में शानदार प्रदर्शन: 34 में से 33 छात्र उत्तीर्ण

ब्रह्मास्त्र ▶▶ नेपानगर



केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 34 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें से 33 बच्चों ने उत्तीर्ण होकर सफलता प्राप्त की।

विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, साथ ही 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान प्रणंजय सिंह ठाकुर ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया। कु. श्रावणी पवार ने 93.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कु. भूमिका सोनवणे और कु. वैदेही चावड़ा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्राचार्य रामावतार यादव, कक्ष शिक्षक, विषय शिक्षक व समस्त स्टाफ ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। केंद्रीय विद्यालय नेपानगर ने 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही कक्षा 11वीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय हेतु रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभिभावक और विद्यार्थी 27 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय ने हेल्पडेस्क तैयार किया है जिसके प्रभारी रियाज अहमद से विद्यालय समय में संपर्क कर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

## जब सपनों को मिलती है मेहनत की उड़ान, तब बनता है इतिहास

पिपलिया मंडी। कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने रचा सफलता का स्वर्णिम अध्याय 15 अप्रैल को घोषित हुए सीबीएसई कक्षा 10 के परिणामों में कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक शानदार मिसाल पेश की। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा और मार्गदर्शन का भी प्रतीक है। इस वर्ष के टॉप ३ होनहार विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से सबका दिल जीत लिया: परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी का माहौल छा गया। डायरेक्टर डॉ. कमलेश जी पमनानी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जी परमार, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और सभी शिक्षकों ने छात्रों का भव्य स्वागत किया।

# विकृत जिहादी मानसिकता देश के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का षड़यंत्र

ब्रह्मास्त्र ▶▶ रतलाम



देश में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों और आंतरिक सुरक्षा के खतरों को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार ऋषभ ठाकुर को सौंपा। इस ज्ञापन में दल ने लव जिहाद, लैंड जिहाद और सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कड़े केंद्रीय कानून बनाने और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में एक विकृत जिहादी मानसिकता देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रही है। बजरंग दल के अनुसार, अब इन गतिविधियों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की संलिप्तता भी बढ़ रही है, जो राष्ट्र की सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक गंभीर चुनौती है।

ज्ञापन में दल ने नासिक (ञ्जष्टस्) जैसे प्रतिष्ठित व्यावसायिक क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि अब शिक्षित समाज भी इस जाल की गिरफ्त में है। उत्तर प्रदेश के जमालुद्दीन और उसकी सहयोगी नसरीन का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कैसे हिंदू कन्याओं को ब्लैकमेल कर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट मामले में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े मुस्लिम डॉक्टरों और महिला डॉक्टर शाहीन की संलिप्तता पर सवाल उठाए गए। सरकारी, वन विभाग और रेलवे की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बताया गया। समाज में वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों के साथ की जा रही अशुद्ध हरकतों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। आरोप लगाया गया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अल्पसंख्यक हिंदू और जनजातीय परिवारों की बालिकाओं का शोषण कर उन्हें पलायन के लिए विवश किया जा रहा है।

# संत सुधासागर महाराज के वचनामृत का हुआ लोकार्पण

**सनावद -** श्रमण शिरोमणि संत सुधासागर महाराज के वचनामृत का विमोचन बुधवार को किया गया। इसमें संत श्री के 2261 अमृत वचनों का संकलन डॉ. रमेशचन्द जैन डी. लिट् नई दिल्ली द्वारा किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए युवा विद्वान प्रियम जैन ने बताया कि पार्श्व ज्योति मंच के नगर अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र जैन एवं अ.भा. दि. जैन विद्वत परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जैन भारती ने वचनामृत का लोकार्पण कर खुशी जाहिर की।



## प्रकाश राज के खिलाफ केस दर्ज कराया

### एक्टर पर भगवान राम और रामायण का मजाक उड़ाने का आरोप लगा

एक्टर प्रकाश राज के खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज कराया है। उन पर भगवान राम और रामायण का मजाक उड़ाने का आरोप लगा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर प्रकाश राज का केरल लिटरेचर फेस्टिवल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्टर बच्चों द्वारा लिखी एक काल्पनिक रामायण की कहानी सुनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। राज ने कहा कि राम, लक्ष्मण और सीता दक्षिण की ओर जा रहे थे। रास्ते में जंगल देखकर लक्ष्मण ने खुशी जताई। इस पर राम ने कहा कि यह किसी का खेत है। लक्ष्मण ने पूछा कि वहां लगे फल खाए जा सकते हैं या नहीं। राम ने जवाब दिया कि भूख लगने पर फल खा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब वे फल खाने लगे, तब शूर्पणखा और रावण वहां पहुंचे। शूर्पणखा ने इस पर आपत्ति जताई, लेकिन रावण ने कहा कि वे भूखे हैं, उन्हें खाने दिया जाए और बाद में बात की जाएगी।

प्रकाश राज के मुताबिक, फल खाने के बाद राम ने लक्ष्मण से कहा कि कुछ आदिवासी आए हैं। इस पर रावण ने जवाब दिया कि वो मालिक हैं। इसके बाद बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ा। कहानी में जीएसटी और छूट का जिक्र प्रकाश राज ने अपनी कहानी में जीएसटी का संदर्भ भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि राम ने फल खाने के बाद पैसे देने की बात कही। इस पर शूर्पणखा ने हिसाब लगाकर 2000 डॉलर जीएसटी सहित बताए। राम और लक्ष्मण ने कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं। इसके बाद रावण ने 20% छूट देने की बात कही, लेकिन तब भी उनके पास पैसे नहीं थे। इस पर रावण ने कहा कि अगर पैसे नहीं दे सकते तो काम करके इसकी भरपाई करें। उनसे कहा गया कि जो फल खाए हैं, उनके बीज लगाएं, पेड़ तैयार करें और फिर लौटें।


### तेजस्वी प्रकाश ने कुंद्रा संग रिश्ते को लेकर दिया बड़ा बयान

# अभी नहीं है शादी का प्लान



टेलीविजन इंडस्ट्री की चर्चित जोड़ी तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी शादी की अफवाहें हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज थी कि दोनों ने गुपचुप शादी कर ली है या जल्द ही शादी करने वाले हैं। अब इन तमाम अटकलों पर खुद तेजस्वी प्रकाश ने खुलकर प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई सामने रखी है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में तेजस्वी प्रकाश ने साफ तौर पर कहा कि उनकी और करण कुंद्रा की शादी फिलहाल नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि ह्लअभी ऐसा कुछ भी नहीं हैह्व और निकट भविष्य में शादी का कोई प्लान नहीं है। उनके इस बयान के बाद फैंस के बीच चल रही तमाम अफवाहों पर विराम लग गया है, हालांकि उनकी जोड़ी को लेकर लोगों की उत्सुकता अब भी बनी हुई है।

तेजस्वी और करण की लव स्टोरी की शुरूआत रियलिटी शो बिग बॉस 15 से हुई थी, जहां दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। शो के दौरान ही दोनों की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और बाहर आने के बाद भी उनका रिश्ता लगातार मजबूत होता गया। फैंस ने इस जोड़ी को तेजरन नाम दिया, जो आज भी सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर है। अपने रिश्ते के साथ-साथ दोनों प्रोफेशनल लाइफ में भी साथ काम कर रहे हैं। तेजस्वी ने बताया कि करण के साथ काम करना उनके लिए एक सीखने का अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के साथ काम करते हुए उन्हें समझ आता है कि सामने वाला किस तरह काम करना पसंद करता है और इससे उनका तालमेल और बेहतर होता है। तेजस्वी ने यह भी माना कि करण उनसे सीनियर हैं और उनसे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है। हाल ही में दोनों को लाफ्टर शेफ्स सीजन 3 में साथ देखा गया, जहां उनकी केमिस्ट्री ने दर्शकों को खूब एंटरटेन किया। इसके अलावा वे स्प्लिट्सविला 16 में भी एक साथ होस्ट के रूप में नजर आए हैं।



## सुकेश के खिलाफ जैकलीन सरकारी गवाह बनेंगी

### 200 करोड़ की ठगी केस में सहयोग को तैयार, इन्हीं पैसों से लग्जरी गिफ्ट लिए थे

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई है। पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक्ट्रेस ने जानकारी दी कि वे इस मामले में जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार हैं।

कोर्ट ने एक्ट्रेस की बात सुनने के बाद उन्हें निर्देश दिया है कि इसके लिए उन्हें सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय के पास एक औपचारिक अर्जी दाखिल करनी होगी। यह मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है। सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी।

एऊकी जांच में सामने आया था कि सुकेश ने ठगी के इन पैसों से जैकलीन फर्नांडिस को करोड़ों रुपए के कीमती गिफ्ट्स दिए थे। इसमें लग्जरी बैग, हीरे की ज्वेलरी, महंगे घोड़े और बिल्लियां शामिल थीं। इस वजह से ईडी ने जैकलीन को भी इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया था।

सरकारी गवाह बनने से क्या बदलेगा? जैकलीन फर्नांडिस काफी समय से इस हाई-प्रोफाइल केस में आरोपी के तौर पर जांच का सामना कर रही हैं। अब उन्होंने कोर्ट के सामने प्रस्ताव रखा है कि वे सरकारी गवाह बनकर सच्चाई सामने लाना चाहती हैं। अगर ईडी उनकी अर्जी स्वीकार कर लेती है और कोर्ट इसकी अनुमति देता है, तो जैकलीन इस केस में आरोपी से गवाह बन जाएंगी। कानूनी जानकारों के मुताबिक, इससे उन्हें सजा में छूट या कानूनी कार्रवाई से राहत मिल सकती है, बशर्ते वे सुकेश के खिलाफ पुख्ता जानकारी दें।

### भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली के इंस्टाग्राम लाइक पर मचा बवाल

# अमीषा पटेल बोलीं- लाइक करना क्या पाप है!

भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई खेल प्रदर्शन नहीं बल्कि इंस्टाग्राम पर किया गया एक लाइक है। जर्मन व्लॉगर लिज लाज की एक तस्वीर को लाइक करने के बाद यह मामला तेजी से वायरल हो गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर बहस का विषय बन गया। इस पूरे विवाद पर अब बॉलीवुड अभिनेत्री अमिषा पटेल ने खुलकर प्रतिक्रिया दी है, जिसने इस मुद्दे को और चर्चा में ला दिया है।

दरअसल, यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया यूजर्स ने गौर किया कि विराट कोहली ने एक जर्मन मॉडल और व्लॉगर की तस्वीर को लाइक किया है। यह तस्वीर फोटोग्राफर द्वारा जनवरी में पोस्ट की गई थी, जिसमें गोल्डन आवर शॉट्स कैप्शन दिया गया था। हालांकि यह एक सामान्य सोशल मीडिया गतिविधि थी, लेकिन कोहली जैसे हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी के हर एक्शन पर नजर रखने वाले फैंस ने इसे तुरंत पकड़ लिया और इंटरनेट पर वायरल कर दिया।

इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर




तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कुछ यूजर्स ने इसे सामान्य बताया, जबकि कई लोगों ने इसे लेकर अनावश्यक अटकलें और ट्रोलिंग शुरू कर दी। इसी बीच मुंबई में पैपराजी से बातचीत के दौरान अमीषा पटेल से जब इस मामले पर सवाल किया गया, तो उन्होंने बेहद बेबाक अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि किसी की पोस्ट को लाइक करना कोई अपराध नहीं है और लोगों को बेवजह दूसरों को ट्रोल करने की आदत हो गई है।

अमीषा पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लाइक करना क्या कोई पाप है? यह उनकी जिंदगी है, उनका इंस्टाग्राम है और उनकी अपनी पसंद है। लोगों के पास कोई काम नहीं है, बस ट्रोल करना आता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी के अच्छे काम की सराहना करना गलत नहीं है, बल्कि बिना वजह किसी को निशाना बनाना गलत है। उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर एक नई बहस छिड़ गई है, जिसमें कई लोग उनके समर्थन में नजर आ रहे हैं।



यह पहला मौका नहीं है जब विराट कोहली किसी इंस्टाग्राम लाइक को लेकर सुर्खियों में आए हैं। इससे पहले अभिनेत्री अवनीत कौर की पोस्ट पर उनके लाइक ने भी काफी विवाद खड़ा किया था। उस समय बढ़ती अटकलों को देखते हुए कोहली को खुद सामने आकर सफाई देनी पड़ी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया था कि यह एक तकनीकी गड़बड़ी के कारण हुआ और इसका कोई व्यक्तिगत मतलब नहीं था। उन्होंने लोगों से अपील की थी कि इस तरह के मामलों में बेवजह अनुमान न लगाए जाएं। मौजूदा मामले में अभी तक विराट कोहली की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि बताया जा रहा है कि उन्होंने बाद में उस पोस्ट को अनलाइक कर दिया है। इसके बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर लगातार ट्रेंड कर रहा है और लोग इस पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं।

इस पूरी घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सार्वजनिक हस्तियों की निजी सोशल मीडिया गतिविधियों को इस तरह से बढ़ा-चढ़ाकर देखना उचित है। जहां एक ओर फैंस अपने पसंदीदा सितारों से जुड़े हर पहलू को जानना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं यह भी दिखाती हैं कि किस तरह छोटी-सी बात भी बड़े विवाद का रूप ले सकती है। फिलहाल यह मामला सोशल मीडिया ट्रेंड का हिस्सा बना हुआ है और लोगों के बीच चर्चा जारी है। अमीषा पटेल के बयान ने इस बहस को एक नया दृष्टिकोण दिया है, जिसमें ट्रोलिंग संस्कृति पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

## गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 विकेट से हराया

# गिल की फिफ्टी से गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता

## कोलकाता आईपीएल सीजन में 5वां मैच हारी, रबाडा ने 3 विकेट झटके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 विकेट से हराया। अहमदाबाद में 181 रन का टारगेट गुजरात ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर ऑलआउट हो गई।

जीटी की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, केकेआर सबसे निचले पायदान पर है। टीम को पहली जीत की तलाश है। मैच का स्कोरबोर्ड

गिल ने लगातार तीसरे मैच में फिफ्टी बनाई गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने रन चेज को एकतरफा कर दिया। उन्होंने 50 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। वे साई सुदर्शन के साथ ओपन करने उतरे। दोनों ने 31 बॉल पर 57 रन की ओपनिंग साझेदारी की। गिल ने बटलर के साथ 38 और सुंदर के साथ 46 रन की साझेदारी की। गिल के अलावा, साई सुदर्शन ने 22, बटलर ने 25 और सुंदर ने 13 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती को 2 विकेट मिले।

ग्रीन की फिफ्टी काम न आई टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कोलकाता की ओर से कैमरन ग्रीन ने 55 बॉल पर 7 चौके और 4 छक्के के सहारे 79 रन की पारी खेली। टीम का कोई अन्य बल्लेबाज




30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। रबाडा ने 3 विकेट झटके कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग

**गुजरात टाइटंस:** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, अशोक शर्मा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा। इम्पैक्ट प्लेयर्स- शाहरुख खान।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** टिम साइफर्ट, सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, रोवमन पॉवेल, अनूकुल रॉय, वैभव अरोरा, कार्तिक त्यागी। इम्पैक्ट प्लेयर्स: वरुण चक्रवर्ती।

# आईपीएल में आज दूसरा मैच हैदराबाद-चेन्नई



## एसआरएच ने पिछले मैच में राजस्थान को हराया, सीएसके ने भी पिछले दोनों मैच जीते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल में आज दो मैच खेले जाएंगे। दिन का दूसरा मैच सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। जिसका टॉस शाम 7:00 बजे होगा।

सीएसके अभी पॉइंट्स टेबल पर आठवें स्थान पर है और कप्तान ऋतुराज गायकवाड की अगुवाई में उसने पांच मैचों में दो जीत हासिल की हैं। ऐसे में हैदराबाद के खिलाफ मैच जीतकर गायकवाड की टीम जीत की हैट्रिक पूरी करना चाहेगी। दूसरी ओर, एसआरएच ने भी 5 में से 2 मैच जीते है। लेकिन टीम बेहतर रन रेट की वजह से चौथे नंबर पर है। टीम ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया। राजस्थान की यह सीजन की पहली हार थी। आज का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। हेड टु हेड में चेन्नई आगे है। हैदराबाद और चेन्नई के बीच आईपीएल में अब तक 23 मुकाबले खेले गए। 7 में हैदराबाद और 16 में चेन्नई में जीत मिली। यानी चेन्नई ने हैदराबाद के खिलाफ 69% मैच जीते हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद एक मैच से आगे है। एसआरएच और सीएसके के बीच यहां अब तक कुल 5 मैच खेले गए। हैदराबाद ने 3 और चेन्नई ने 2 मैच जीते हैं।

# आईपीएल में आज बेंगलुरु और दिल्ली की भिड़ंत

## आरसीबी की नजर घर में लगातार चौथी जीत पर, खराब फॉर्म से जूझ रही है कैपिटल्स



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

आईपीएल 2026 में शनिवार को अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। आरसीबी की कोशिश होगी कि वह अपने घरेलू मैदान पर लगातार चौथी जीत दर्ज करे।

आरसीबी के पास जोश हेजलवुड की अगुआई में एक सक्षम गेंदबाजी यूनिट है। टीम के उप-कप्तान जितेश शर्मा ने कहा कि टीम चिन्नास्वामी की पिच के हिसाब से रणनीतिक रूप से काम कर रही है। यही कारण है कि वे इस सीजन अपने घर में अजेय रहे हैं। अगर दिल्ली के बल्लेबाज अपनी तकनीक में सुधार नहीं करते हैं, तो यह मुकाबला भी एकतरफा हो सकता है।

वहीं, दोनों टीमों के बीच अब तक 33 मैच खेले गए हैं, जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 19 मुकाबले जीते हैं। जबकि दिल्ली कैपिटल्स को 12 मैचों में जीत मिली है। इसके अलावा एक मैच टाई रहा है और एक मुकाबले का कोई परिणाम नहीं निकल सका। पिछले साल दोनों के बीच खेले गए दो मुकाबले में से दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता है। आरसीबी ने अरुण जेटली स्टेडियम में और डीसी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच अपने-अपने नाम किया है। इस सीजन में भी सभी की नजरें विराट कोहली पर टिकी हैं और उन्होंने अपने फैंस को निराश नहीं किया है। कोहली फिलहाल 'ऑरेंज कैप' होल्डर हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









भारत का नया कीर्तिमान

## 2025-26 में 860 अरब डॉलर पार पहुंचा कारोबार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारत ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्यात के मोर्चे पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है और पहली बार निर्यात का आंकड़ा 860 अरब डॉलर के पार पहुंचा है। सरकार ने ये आंकड़े जारी किए हैं।

भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात के मोर्चे पर नया इतिहास रचा है। वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात पहली बार 860 अरब डॉलर के पार पहुंच गया, जो देश की वैश्विक व्यापार में बढ़ती हिस्सेदारी को दर्शाता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से मार्च 2025-26 के दौरान कुल निर्यात 860.09 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 825.26 अरब डॉलर के मुकाबले 4.22 फीसदी अधिक है।

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और शिपिंग मार्गों (होर्मुज जलडमरूमध्य) में बाधा के कारण मार्च 2026 में भारत का वस्तु निर्यात 7.44 फीसदी गिरकर 38.92 अरब डॉलर पर आ गया, जो पिछले वर्ष इसी महीने में 42.05 अरब डॉलर था। हालांकि, मार्च की इस सुस्ती के बावजूद, पूरे वित्तीय वर्ष (2025-26) में भारत का व्यापार प्रदर्शन बेहद लचीला रहा। अमेरिकी बाजार में लगातार मजबूत निर्यात ने युद्ध के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई। यही कारण है कि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए देश के कुल वस्तु निर्यात में 0.93% की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और यह 437.70 अरब डॉलर से बढ़कर 441.78 अरब डॉलर हो गया।

### डिजिटल भुगतान में भारत का दबदबा, यूपीआई लेनदेन 228 अरब के पार

# भारत बनेगा दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में छोटे लेनदेन के लिए यूपीआई का चलन तेजी से बढ़ा है। इंडिया डिजिटल पेमेंट्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 2025 में 228.5 अरब लेनदेन दर्ज किए। कुल लेनदेन मूल्य बढ़कर 299.74 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस बीच, औसत लेनदेन आकार लगातार घट रहा है, जो इस बात का संकेत है कि अब छोटी खरीदारी में भी यूपीआई का चलन बढ़ रहा है। व्यापारिक लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। व्यक्ति-से-व्यापारी (पीटूएम) भुगतान 34 फीसदी बढ़कर 143.82 अरब हो गया। यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या बढ़कर 73 करोड़ से अधिक हो गई है, जबकि पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनल की संख्या 1.14 करोड़ से अधिक पहुंच गई है। जहां यूपीआई छोटे भुगतान में अग्रणी बना हुआ है, वहीं क्रेडिट कार्ड का उपयोग बड़े लेनदेन में बढ़ रहा है। 2025 में क्रेडिट कार्ड लेनदेन 27 फीसदी बढ़कर 5.69 अरब हो गया, जबकि डेबिट कार्ड के उपयोग में 23 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

**भारत बनेगा दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार-** भारत 2026 तक दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। भारत ने मात्र 14 महीनों में 50 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता जोड़कर अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है। देश का सौर ऊर्जा उत्पादन 150 गीगावाट तक पहुंच गया है। पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में 11 साल लगे थे।

**आज से भुना सकेंगे सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड-** आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2019-20 सीरीज-पांच के लिए समयपूर्व मोचन (प्रीमैच्योर रिडेम्पशन) कार्यक्रम घोषित कर दिया है। निवेशक 15 अप्रैल 2026 को अपने बॉन्ड समय से पहले भुना सकेंगे। इसे 15 अक्तूबर 2019 को जारी किया गया था।

**पेटीएम के स्वामित्व ढांचे में हुआ बदलाव-** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन्स में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 50.3 फीसदी हो गई। इसके साथ ही यह बहुलांश भारतीय स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली कंपनी बन गई। इसमें म्यूचुअल फंड कंपनियों की बड़ी भूमिका रही।

**आईएमएफ का भारत पर भरोसा 6.5% विकास दर का अनुमान-** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर सकारात्मक अनुमान जताते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 में 6.5 फीसदी रफ्तार से बढ़ सकती है। वृद्धि अनुमान में बढ़त को मजबूत घरेलू प्रदर्शन और बाहरी कारकों से समर्थन मिला है। इसके बूते भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा।

आईएमएफ के अनुसार, 2025 में बेहतर आर्थिक प्रदर्शन का असर आगे भी दिखेगा। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ में कमी से निर्यात को राहत मिली है। इससे पश्चिम एशिया के तनाव से उत्पन्न नकारात्मक प्रभाव कुछ हद तक संतुलित हुए हैं।

**युद्ध ने वैश्विक वृद्धि की धीमी:** आईएमएफ ने कहा, यदि पश्चिम एशिया का संघर्ष सीमित अवधि के लिए रहता है, तो विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि में मामूली नरमी आ सकती है। 2026 में वैश्विक वृद्धि दर 3.1 फीसदी और 2027 में 3.2 फीसदी रहने का अनुमान है।



### 10 फीसदी तक बढ़ सकता है निजी कर्मचारियों का वेतन

नौकरी छोड़ने की दर बढ़ने की चिंताओं के बीच भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी भर्ती रणनीति को अधिक संतुलित बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जीनियस एचआरटेक के अनुसार, अब कंपनियों का फोकस मझोले स्तर की भर्तियों पर अधिक रहेगा। वेतन वृद्धि औसतन 5 से 10 फीसदी रहने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 49 फीसदी कंपनियां मझोले स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता दे रही हैं। कार्यबल विस्तार को लेकर रुख मिला-जुला है। करीब 28 फीसदी संस्थान भर्ती 10-15 फीसदी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, जबकि 43 फीसदी कंपनियां सीमित वृद्धि के पक्ष में हैं। 46 फीसदी कंपनियां 10 फीसदी तक वेतन बढ़ा सकती हैं। नए श्रम कानूनों के बाद 57 फीसदी कंपनियां अपने वेतन ढांचे में बदलाव की योजना बना रही हैं। इन कर्मचारियों को होगा फायदाः वेतन वृद्धि का सबसे अधिक लाभ मध्यम-सीनियर स्तर के कर्मचारियों को मिलने की उम्मीद है। इनका हिस्सा 48 फीसदी तक हो सकता है। इसके मुकाबले जूनियर और सीनियर स्तर के कर्मचारियों की वेतन वृद्धि क्रमशः 26 फीसदी और 22 फीसदी रहने का अनुमान है।

सेबी प्रमुख का दावा-

## भारत बना दुनिया का भरोसेमंद निवेश ठिकाना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का पूंजी बाजार स्थिर और भरोसेमंद निवेश गंतव्य बनकर उभर रहा है। सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने बताया कि भारत का बाजार पूंजीकरण 4.4 लाख करोड़ डॉलर पहुंचा। 2025-26 में इक्विटी और ऋण बाजार से 154 अरब डॉलर जुटे। तकनीक, स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश से भरोसा और बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पूंजी बाजार को स्थिर तथा भरोसेमंद निवेश के रूप में देखा जा रहा है। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर एक स्थिर पूंजी केंद्र के रूप में उभर रहा है। देश का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 4.4 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। तकनीक, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश के अवसरों ने इस धारणा को और मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने इक्विटी और ऋण बाजारों के जरिए कुल 154 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है।

**क्या कहते हैं आरबीआई के आंकड़ें-** वर्ष 2025 में भारत प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर, जबकि जुटाई गई पूंजी के मामले में तीसरे स्थान पर रहा। आरबीआई के मुताबिक, 2025-26 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो बाजार की मजबूती को और पुख्ता करता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की परिसंपत्तियां करीब 780 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार का आकार भी बढ़कर करीब 650 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।

एसएंडपी का दावाः महंगा तेल नहीं रोक पाएगा रफ्तार

# 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कच्चा तेल 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने पर भी भारत की अर्थव्यवस्था 6.3% की दर से बढ़ सकती है, जबकि सामान्य स्थिति में यह 7.1% रहने का अनुमान है। भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा है कि अगर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाती है, तब भी भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। एजेंसी के मुताबिक, यदि कच्चे तेल की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल के आधार स्तर पर रहती है, तो भारत की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रहने का अनुमान है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज रफ्तार होगी।

एसएंडपी के निदेशक (संप्रभु एवं अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त रेटिंग) यी फर्न फुआ ने कहा, दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में यह आंकड़ा बहुत मजबूत है। इस संकट काल में भारत की विकास दर 6.3



फीसदी रहना एक मजबूत संकेत है जो अन्य अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। हालांकि, एजेंसी ने चेतावनी दी है कि ऊर्जा आपूर्ति में बाधा या ईंधन की कमी जैसी स्थितियां जोखिम पैदा कर सकती हैं। इसके अलावा, क्रूड की ऊंची कीमतों से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। कंपनियों की लागत बढ़ने से मुनाफा प्रभावित हो सकता है। इसके साथ ही महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति पर भी दबाव पड़ सकता है।

एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऊर्जा की बढ़ी कीमतों का असर कम करने के लिए सरकार को उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सब्सिडी पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। इससे राजकोषीय दबाव बढ़ेगा, लेकिन भारत की संप्रभु क्रेडिट रेटिंग पर इसका खास असर नहीं पड़ेगा।

सरकार दीर्घकाल में राजकोषीय संतुलन के प्रति प्रतिबद्ध है। खर्चों में लचीलापन है और जरूरत पड़ने पर वह अन्य मदों में कटौती कर राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बनाए रख सकती है।

यदि ऊर्जा कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं तो 2026-27 में देश की शीर्ष 100 कंपनियों की आय में 15 से 20 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। इससे कर्ज बढ़ेगा जो अंततः उनकी वित्तीय स्थिति पर दबाव डालेगा। बड़ी कंपनियों का कर्ज से कमाई अनुपात (लीवरेज) 0.5 से एक गुना तक बढ़ सकता है।

- रिफाइनिंग और एविएशन सेक्टर सबसे अधिक संवेदनशील हैं। ऊर्जा आयात पर निर्भर होने के कारण सीमेंट, धातु और स्टील जैसे क्षेत्र भी जोखिम में हैं। ईधन और खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी से लोगों की क्रय शक्ति घट सकती है, जिसका असर बैंकिंग क्षेत्र पर भी पड़ेगा। जोखिम वाले ऋण, वाहन ऋण और किफायती आवास में कमी आ सकती है। खराब स्थिति में एनपीए में बढ़ोतरी सालाना एक फीसदी के आसपास हो सकती है।
- यदि हालात लंबे समय तक चुनौतीपूर्ण बने रहते हैं तो रिजर्व बैंक कुछ क्षेत्रों के लिए ऋण पुनर्गठन की अनुमति दे सकता है ताकि अल्पकालिक नकदी दबाव को संभाला जा सके। फिलहाल भारत की बीबीबी निवेश-ग्रेड संप्रभु रेटिंग पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद भी भारत की कर्ज चुकाने की क्षमता मजबूत बनी हुई है। आयात-निर्यात बैंक (एक्जिम बैंक) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का भारतीय कंपनियों की कर्ज अदायगी पर अब तक कोई असर नहीं पड़ा है।

छुट्टियों पर लगा महंगाई का ग्रहण

## पश्चिम एशिया संकट से विमानन क्षेत्र को 18000 करोड़ का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया युद्ध का भारतीय एविएशन और टूरिज्म सेक्टर पर गहरा और नकारात्मक असर। आसान भाषा में समझिए कैसे महंगे हवाई किराये और ईंधन संकट ने विमानन और होटल सेक्टर पर प्रतिकूल असर डाला है।

क्या आप गर्मियों की छुट्टियां मनाने विदेश जाने की सोच रहे हैं? या हाल ही में आपने हवाई टिकट बुक करते समय अचानक बढ़े हुए किरायों पर गौर किया है? इसकी वजह सिर्फ घरेलू महंगाई नहीं है, बल्कि आपके शहर से हजारों किलोमीटर दूर चल रहा पश्चिम एशिया का तनाव है। इस अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक संकट ने न सिर्फ वैश्विक व्यापार को प्रभावित किया है, बल्कि भारतीय विमानन और पर्यटन क्षेत्र को भी सीधे तौर पर लगभग 18,000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचाया है।

आइए आसान भाषा में समझते हैं कि विदेशी जमीन पर हो रहा यह तनाव आपकी जेब और देश के पर्यटन कारोबार पर कैसे भारी पड़ रहा है।

**सवाल** : पश्चिम एशिया के तनाव से भारतीय एविएशन को कितना और कैसे नुकसान हुआ है?

**जवाबः** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस संकट से भारत के एविएशन सेक्टर को करीब 18,000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है। दरअसल, पश्चिम एशिया के प्रमुख हवाई रास्ते (कॉरिडोर) दुनिया के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक हैं, लेकिन युद्ध के कारण वहां उड़ान भरना सुरक्षित नहीं रह गया है। इसके चलते एयरलाइंस को उड़ानें रद्द करनी पड़ रही हैं या अपना रास्ता बदलना पड़ रहा है, जिससे उड़ान के समय में 2 से 4 घंटे तक की बढ़ोतरी हुई है।

**सवालः** उड़ान का समय बढ़ने का आम आदमी की जेब पर क्या असर पड़ रहा है?

**जवाबः** इसका सीधा असर आपकी जेब पर हवाई किराये के रूप में पड़ रहा है। एयरलाइन कंपनियों के कुल ऑपरेटिंग (संचालन) खर्च में 35-40 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ विमानन ईंधन (एटीएफ) का होता है। जब फ्लाइट्स को लंबे रास्ते से जाना पड़ता है, तो ईंधन की खपत काफी बढ़ जाती है। इस बढ़ी हुई लागत का बोझ एयरलाइंस आखिर में यात्रियों पर ही डालती हैं, जिससे फ्लाइट के टिकट महंगे हो गए हैं।

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इज़ी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडैंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोनॅको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति. रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

### ईरान बोला- यूरेनियम कहीं ट्रांसफर नहीं होगा

# ट्रम्प बोले- ईरान का एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका लाएंगे:साथ मिलकर परमाणु ठिकानों की खुदाई करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान मिलकर परमाणु ठिकानों की खुदाई करेंगे और वहां मौजूद एनरिच्ड यूरेनियम को निकालकर अमेरिका लाया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि बमबारी से प्रभावित परमाणु ठिकानों में दोनों देश साथ मिलकर जाएंगे और भारी मशीनों की मदद से खुदाई कर यूरेनियम बाहर निकाला जाएगा।

ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है और वीकेंड पर मीटिंग हो सकती है। उनके मुताबिक, एक-दो दिन में शांति समझौता हो सकता है। हालांकि, ईरान ने इसे खारिज कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा, ईरान का एनरिच्ड यूरेनियम कहीं भी ट्रांसफर नहीं किया जाएगा।

ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने सोशल मीडिया पोस्ट में चेतावनी दी कि अगर अमेरिका अपनी नाकेबंदी जारी रखता है, तो होर्मुज स्ट्रेट खुला नहीं रहेगा और वहां से गुजरने के लिए ईरान की इजाजत जरूरी होगी। वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड वरउउ ने कहा है कि नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प इसे हटाने का आदेश नहीं देते। ट्रम्प पहले ही साफ कर चुके हैं कि जब तक ईरान शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करता, तब तक नाकेबंदी नहीं हटेगी।

ईरान की धमकी: ईरान ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी नाकेबंदी जारी रही तो होर्मुज स्ट्रेट खुला नहीं रहेगा। ईरान ने ट्रम्प के कई दावों को गलत बताया।

अमेरिकी नाकेबंदी जारी: ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ समझौते में अब कोई बड़ी अड़चन नहीं बची है, हालांकि डील पूरी होने तक नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी।

घर वापसी: इजराइल और लेबनान के बीच सीजफायर लागू होने के बाद लेबनान में हजारों लोग अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, 13 अप्रैल से जब से अमेरिका ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में ईरान के बंदरगाहों के खिलाफ नाकेबंदी शुरू की है, तब से ईरान से जुड़े 21 जहाज वापस लौट चुके हैं। इन जहाजों को अमेरिकी फोर्सेज ने दिशा बदलने को कहा और वे मान गए, यानी वे आगे जाने की बजाय वापस ईरान की ओर लौट गए। वहीं, ईरान ने कहा है कि उसने होर्मुज स्ट्रेट को सभी व्यापारिक जहाजों के लिए फिर से खोल दिया है। लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर अमेरिका ने अपनी नौसैनिक नाकेबंदी नहीं हटाई, तो यह अहम समुद्री रास्ता फिर से बंद किया जा सकता है।

ईरान के होर्मुज खोलने के ऐलान के बावजूद समुद्र में डर का माहौल है। शिपिंग कंपनियां अभी भी सावधानी बरत रही हैं। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को इस रास्ते से बहुत कम जहाज गुजरे, जो दिखाता है कि हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हैं। अमेरिकी सेना के प्रमुख जनरल डैन केन ने कहा है कि अब ईरान से जुड़े जहाजों पर कार्रवाई सिर्फ मिडिल ईस्ट तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इंडो-पैसिफिक जैसे इलाकों में भी होगी। खासतौर पर मलक्का स्ट्रेट के आसपास ऐसे कई डार्क फ्लीट टैंकर हैं, जो प्रतिबंधित ईरानी तेल की सप्लाई करते हैं। अमेरिका उन जहाजों को भी निशाना बना सकता है, जो नाकेबंदी शुरू होने से पहले उस क्षेत्र से निकल गए थे।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका पहले भी वेनेजुएला से जुड़े टैंकरों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई कर चुका है और अब वही मॉडल दोहराया जा सकता है।




## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला, कमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन

ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो।

## नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच शुरूः 7 पूर्व PM, 3 राष्ट्रपति, राजा की संपति की जांच



नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा।

जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे।

इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे।

### मृत नेताओं की संपत्ति की भी जांच

यह जांच नेपाल में राजशाही खत्म होने के बाद के पूरे दौर को कवर करेगी। इसका मतलब 2006 के बाद का लगभग पूरा राजनीतिक नेतृत्व अब जांच के दायरे में आ गया है। खास बात यह है कि यह जांच शाह सरकार के अपने राजनीतिक दायरे तक भी जा सकती है। पोर्ट्स के मुताबिक, मौजूदा स्पीकर डोल प्रसाद अर्याल, मंत्री बिराजभक्त श्रेष्ठ और शिशिर खानाल, और अपनी ही पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख रवि लामिछाने भी जांच के दायरे में आ सकते हैं, क्योंकि वे पहले भी सार्वजनिक पदों पर रह चुके हैं।

खास बात यह है कि यह जांच उन नेताओं तक भी पहुंचेगी जो अब जीवित नहीं हैं। ऐसे में उनके परिवार और राजनीतिक वारिसों की संपत्ति भी जांची जा सकती है। इसमें गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुषिल कोईराला जैसे नेताओं के परिवार शामिल हो सकते हैं।

# अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

## जॉर्डन लौट रहे सैनिक, सरकार बोली- अब देश में एक ही प्रशासन चलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीरिया



करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए।

सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जॉर्डन जा रहे हैं।

अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है।

इस बीच, सीरिया सरकार और रउऋके बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और कामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है।


इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता हुआ। इसके तहत रउऋ और कुर्द प्रशासनिक ढांचे को धीरे-धीरे राज्य में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई। सीरिया ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय एंटी-कक्छ गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है। इससे अमेरिका के लिए सीरिया में सैन्य मौजूदगी का आधार कमजोर हुआ और अब वह क्षेत्र में अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहा है।

### अमेरिका की वापसी टर्निंग पॉइंट साबित हुई

अमेरिका की वापसी इस पूरे घटनाक्रम की सबसे बड़ी टर्निंग पॉइंट साबित हुई। जब तक अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद थे, खुद को सुरक्षित मानता था। वह एक तरह से स्वतंत्र ताकत की तरह काम कर रहा था। जैसे ही अमेरिका ने अपने बेस खाली किए, रउऋअकेला पड़ गया और उसे सीरियाई सरकार की शर्तें माननी पड़ीं। इसका सीधा असर संसाधनों पर पड़ा। सीरिया के बड़े तेल और गैस क्षेत्र, जैसे अल-उमर और कोनिको, जो पहले रउऋके नियंत्रण में थे, अब सरकार के हाथ में आने लगे। इससे उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। तुर्किये का दबाव भी एक बड़ा फैक्टर रहा, क्योंकि तुर्किये रउऋ को आतंकवादी संगठन मानता है।। अमेरिका की मौजूदगी में तुर्किये खुलकर कार्रवाई नहीं कर पा रहा था। उसके हटते ही रउऋ को संभावित हमले का खतरा बढ़ गया।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |


## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं
1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन-3

### ऊपर से नीचे
2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर,पति-3
13. 'दिवाने हुए गापल' की नायिका-2, 2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | 45 | | 9 | | 12 | = | 53 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 59 | | 20 | | 6 | | 20 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 20 | | 25 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 25 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 10 | | 33 | | 32 | = | 48 / 31 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | व | न | र | क |
| दा | स | यू | न | आ | वा | श्री | द | इ | ह | ल |
| स | व | दे | पू | ह | जी | ल | न | ग | क | हे |
| र | धी | न | श | ट | ज | आ | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | भा | र्क | हे |
| रो | मे | म | सु | न | जं | पू | न | ई | र | रू |
| श | जं | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | रम | र | ली | न | है |
| बे | बो | र्ज | य | सा | चि | क | री | ह | प | ला |
| त | त | जु | न | ज | ह | त्र | व | जी | ता | त |
| वे | बी | लो | वि | या | ल | ब | र | रा | त | हैं |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 6 | |
| 3 | 24 | 6 | 37 | 2 | 32 | |
| | | | | | | 3 |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | |
| 7 | | 5 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 4 | 31 | 3 | 29 | |
| 4 | | 7 | | | 2 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ट्रम्प सनकी हैं या साइकोपैथः पापा के कहने पर 'किलर' बने, दोस्त को छत से फेंकने पर अड़े

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गालियों से भरा एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'मंगलवार को ईरान ऐसा नजारा देखेगा, जो उसने पहले कभी नहीं देखा होगा! ओ पागल, बास्टर्ड! होर्मुज स्ट्रेट खोल दो, वरना तुम नर्क के लिए तैयार रहो।' पहली नजर में लोगों को लगा कि ये फेक है। क्योंकि शायद ही किसी देश के नेता ने दूसरे देश के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया हो। लेकिन ये तो ट्रम्प हैं, जो कुछ भी कहते हैं और कुछ भी करते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि ट्रम्प ने दुनिया को चौंकाया हो। वे खुद भी कहते हैं कि मेरा अनुमान लगाना नामुमकिन है। जब उनके बर्ताव, हरकतों और बयानों को साथ जोड़कर देखते हैं, तो एक पैटर्न नजर आता है कि आखिर ट्रम्प क्या और क्यों सोचते हैं?**




## कंपनियों का दिवाला निकला, लेकिन गलती नहीं मानी

कॉलेज के दिनों में ट्रम्प कहते थे- **'मैं न्यूयॉर्क में रियल एस्टेट का किंग बनूंगा।'**



ट्रम्प की फैमिली का रियल एस्टेट बिजनेस था- **एलिजाबेथ ट्रम्प एंड सन्स**। ये कंपनी उनकी दादी के नाम पर शुरू की गई थी।

पढ़ाई पूरी करने के बाद 1973 में जब उन्होंने बिजनेस संभाला, तो कंपनी में से दादी का नाम हटाकर इसे **ट्रम्प ऑर्गेनाइजेशन** कर दिया।

वो नई कंपनियां खोलते और अपने नाम पर उनका नाम रखते। जैसे- ट्रम्प यूनिवर्सिटी, ट्रम्प कसीनो, ट्रम्प प्लाजा, ट्रम्प कैसल, ट्रम्प शटल (एयरलाइंस कंपनी), ट्रम्प वोडका, ट्रम्प फ्रेगरेंस।




ट्रम्प ने इनमें से कई बिजनेस के लिए लोन लिए थे। 1991 से 2009 के बीच ट्रम्प की 6 कंपनियों पर इतना कर्ज हो गया कि वे कंपनियां दिवालिया हो गईं। लेकिन ट्रम्प ने कभी इसे अपनी नाकामी नहीं माना।

वो कहते हैं कि मैंने कभी दिवालिया होने का ऐलान नहीं किया, बल्कि कंपनियों ने किया। मैंने देश के कानून को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया है और अच्छा हुआ कि मैंने ऐसा किया।

### ट्रम्प की साइकी

ट्रम्प हर बात का क्रेडिट लेना चाहते हैं, लेकिन खुद कभी अपनी गलती नहीं मानते।

## सेलिब्रेटी बनने के लिए ब्यूटी कॉम्पिटिशन खरीदे

फेमस होने और सेलिब्रेटी बनने के लिए ट्रम्प ने 1996 में 3 ब्यूटी कॉम्पिटिशन- मिस यूनिवर्स, मिस USA और मिस टीन USA को खरीदा।



उनका मानना था कि इन कॉम्पिटिशन की पॉपुलैरिटी घटने की वजह ये है कि आयोजक लड़कियों की सुंदरता की बजाय उनके तेज दिमाग पर फोकस कर रहे हैं।

इस दौरान ट्रम्प **4,000 से ज्यादा मॉडल्स** से मिले या उनसे बात की। ट्रम्प ब्यूटी कॉम्पिटिशन की मॉडल्स से मिलने उनके ड्रेसिंग रूम में घुस जाते।




एक मॉडल ने बताया था, 'वो टहलते हुए अंदर आ गए। हमें कपड़े पहनने का मौका ही नहीं मिला। कुछ लड़कियों ने टॉप नहीं पहना था, कुछ ने कोई कपड़ा नहीं पहना था। उनसे हमारी पहली मुलाकात तब हुई जब हम बिकिनी पहनकर रिहर्सल कर रहे थे।'

## ट्रम्प को पिता ने सिखाया- 'किलर' बनो

डोनाल्ड ट्रम्प के पिता फ्रेड ट्रम्प ने उनसे कहा था, **'दुनिया में दो ही तरह के लोग होते हैं- किलर्स यानी विनर्स और लूजर्स।**




अमेरिकी जर्नलिस्ट ग्वेन्डा ब्लेयर अपनी किताब द ट्रम्प्स में लिखती हैं, **'ट्रम्प के पिता ने उन्हें सिखाया था कि जीतने के लिए जो भी करना पड़े, करो।'**

**डोनाल्ड ट्रम्प की भतीजी मैरी ट्रम्प ने उन पर एक किताब लिखी है- 'टू मच एंड नेवर इनफः हाऊ माय फैमिली क्रिएटेड द वर्ल्ड्स मोस्ट डेंजरस मेन' इसमें मैरी बताती हैं...**

फ्रेड ट्रम्प कहते थे कि किसी को अपनी कमजोरी कभी मत दिखाओ और कभी माफी मत मांगो।

ट्रम्प के बड़े भाई **फ्रेडी** जब कभी सॉरी कहते, तो फ्रेड उनका मजाक उड़ाते। इससे डोनाल्ड ट्रम्प समझ गए कि उन्हें फ्रेडी जैसा नहीं बनना है।

ट्रम्प बचपन में छोटे भाई रॉबर्ट के खिलौने छिपा देते थे। फिर ऐसा दिखाते थे कि उन्हें कुछ नहीं पता।



फ्रेडी



एक बार खिलौने गायब होने पर रॉबर्ट जोर-जोर से रोने लगे, तो ट्रम्प ने गुस्से में कह दिया कि चुप हो जाओ, नहीं तो तुम्हारे खिलौने तोड़ दूंगा।

ट्रम्प के जिद्दी व्यवहार की वजह से परिवार ने 13 साल की उम्र में उन्हें मिलिट्री स्कूल भेज दिया था। लेकिन वहां भी उन्होंने दूसरों को बुली यानी परेशान किया।

ट्रम्प की बायोग्राफी लिखने वाले **मार्क फिशर** भी बताते हैं कि ट्रम्प अपने क्लास के लोगों पर चिल्लाते, धक्का-मुक्की करते और हॉस्टल में अपना हुक्म चलाते।

एक लड़के ने ट्रम्प को झाड़ू से मारा, तो ट्रम्प उसे दूसरी मंजिल से नीचे धक्का देने लगे। दूसरे दोस्तों ने बड़ी मुश्किल से बीच-बचाव कर ट्रम्प को ऐसा करने से रोका था।



■ वर्ष-12 अंक-164 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 18 अप्रैल, 2026

### सुभाषितानि

माधुर्यं अक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।
धैर्यं लयसमर्थं च षडेते पाठके गुणाः॥

**भावार्थ** : माधुर्य, स्पष्ट उच्चारण, मार्ग, मधुर स्वर, धैर्य और तप ये एक पाठक के छह गुण हैं।

**गीती शीघ्री शिरः कम्पी तथा लिखित पाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः॥**

**भावार्थ** : गाकर पढ़ना, जल्दी पढ़ना, पढ़ते समय सिर हिलाना, लिखा हुआ पढ़ना, बिना अर्थ जाने पढ़ना और धीमी आवाज में बोलना पाठक के छह दोष हैं।


## सम्पादकीयम्

# पतन् रुप्यकम्

येन वैश्विक-आपूर्ति-शृङ्खलासु तनावः तीव्रः अभवत्। पतन् रुप्यकम्: संकटं न्यूनीकर्तुं भारतं सक्रियरूपेण आयातस्रोतानां विविधतां कुर्वन् अस्ति। परन्तु कच्चे तैलस्य मूल्यं वर्धमानं निरन्तरं चिन्ता वर्तते। कच्चे तेलस्य मूल्यं प्रतिबैरल् १०० डॉलरस्य चिह्नात् उपरि निरन्तरं भ्रमति, यदा तु सऊदी अरबदेशेन चेतावनी जारीकृता यत् यदि द्वन्द्वः स्थास्यति तर्हि मूल्यानि सम्भाव्यतया १८० डॉलर प्रति बैरल् इत्यस्मात् अधिकं उच्छ्रितुं शक्नुवन्ति।
अमेरिकीडॉलरस्य विरुद्धं रुप्यकस्य अवमूल्यनेन भारतस्य कठिनताः अधिकाः अभवन्, यतः अधुना देशः तैलस्य क्रयणार्थं अधिकाधिकं विदेशीयमुद्रां व्ययितुं बाध्यः अस्ति शुक्रवासरे रुप्यकस्य मूल्यं डॉलरस्य विरुद्धं ९३.७१ इति स्तरं यावत् पतितम्। महङ्गानां भयम्: भारते प्रचलितविपण्यस्थितेः आधारेण तैलविपणनकम्पनीभिः घरेलुईंधनमूल्यानि निर्धारितानि भवन्ति। मानकपेट्रोलस्य मूल्यानि न वर्धितानि इति सर्वकारेण स्पष्टीकृतम् तथापि प्रीमियमपेट्रोलस्य औद्योगिकडीजलव्ययस्य च भारः अन्ततः उपभोक्तृणां उपरि पतति। औद्योगिकडीजलस्य मूल्यं प्रायः २१ इत्येव वर्धितम् अस्ति। अस्य इन्धनस्य उपयोगः गुरुउद्योगेषु, गुरुयन्त्रेषु च भवति। तस्य मूल्यवृद्ध्या उत्पादनव्ययस्य वृद्धिः, औद्योगिकलाभस्य न्यूनता, विविधवस्तूनाम् सम्भाव्यतया अधिकमूल्यानि च भवितुम् अर्हन्ति। वाणिज्यिक-एलपीजी-सम्बद्धे प्रचलति संकटस्य पूर्वमेव महत्त्वपूर्णः प्रभावः भवति। वास्तविकं समाधानम्।

## आर्टेमिस् द्वितीयमिशनस्य सफलं अवरोहणं :

# नासा-संस्थायाः ऐतिहासिकं मिशनं प्रातः ५:३७ वादने पृथिव्यां पुनः आगच्छति



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

मानवस्य अन्तरिक्षयानस्य इतिहासे अन्यः सुवर्णप्रकरणः योजितः अस्ति। नासा-संस्थायाः ऐतिहासिकं आर्टेमिस् द्वितीयं मिशनम् अधुना सफलतया पृथिव्यां प्रत्यागतम् अस्ति । एप्रिल-मासस्य (भारतीयमानकसमये) प्रायः ५:३७ वादने ओरियन-अन्तरिक्षयानेन प्रशान्तमहासागरे सुरक्षितं स्प्लैशडाउन् कृतम्।

चन्द्रस्य ऐतिहासिकस्य उड्डयनस्य अनन्तरं पुनः आगत्य एतत् मिशनं पुनः मानवस्य अन्तरिक्षयात्रायाः नूतनासु ऊर्ध्वतासु प्रेरितवान्-अन्तिमस्य एतादृशस्य पराक्रमस्य ५० वर्षाणाम् अनन्तरम्। १९७२ तमे वर्षे अपोलो १७ इत्यस्य अनन्तरं प्रथमवारं मनुष्याः निम्नपृथिवीकक्षातः परं गत्वा सुरक्षितरूपेण प्रत्यागतवन्तः।

अवरोहणात् पूर्वं सर्वाधिकं चुनौतीपूर्णः चरणः-पुनःप्रवेशः-इदमपि सफलतया सम्पन्नम्। यथा ओरियनः पृथिव्याः वायुमण्डले प्रविशति स्म तथैव अत्यन्तं तापं, दाबं च सहितुं प्रवृत्तः आसीत्। अस्मिन् काले कतिपयनिमेषान् यावत् संक्षिप्तसञ्चारस्य अंधकारः अभवत्, परन्तु निर्धारितसमये सम्पर्कः सफलतया पुनः स्थापितः। तदनन्तरं पैराशूट्-व्यवस्था नियोजितवती, अन्तरिक्षयानं च मन्दं समुद्रे अवतरत्।

अस्य स्प्लैशडाउन् इत्यस्य तत्क्षणमेव अमेरिकी-नौसेनायाः जहाजः वरर इति पुनर्प्राप्ति-कार्यक्रमं आरब्धवान्। अन्तरिक्षयात्रिकाः सुरक्षिततया निष्कास्य जहाजे आनीताः, तत्र तेषां प्रारम्भिकचिकित्सापरीक्षा कृता। प्रारम्भिकसमाचारानुसारं सर्वे अन्तरिक्षयात्रिकाः सुरक्षिताः स्वस्थाः च सन्ति। अस्य मिशनस्य चालकदलस्य मध्ये रीड् वाइजमैन्, विक्ट ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच्, जेरेमी हन्सेन् च आसन्, ये एतां ऐतिहासिकयात्राम् सफलतया सम्पन्नवन्तः।

प्रायः १० दिवसान् यावत् व्याप्तस्य अस्मिन् अभियाने अन्तरिक्षयात्रिकाः पृथिव्याः अभिलेखात्मकं दूरं गत्वा ओरियन-अन्तरिक्षयानस्य क्षमतायाः कठोरपरीक्षणं कृतवन्तः भविष्ये चन्द्रे स्थायिमानवस्य उपस्थितिः स्थापयितुं, तथैव मंगलग्रहे भविष्ये मिशनस्य मार्गं प्रशस्तं कर्तुं च एतत् अभियानं महत्त्वपूर्णं मन्यते अवरोहणस्य अनन्तरं अधुना अन्तरिक्षयात्रिकाः अग्रे परीक्षणार्थं चिकित्सापरीक्षायै च ह्यूस्टन्-नगरस्य जॉन्सन्-अन्तरिक्षकेन्द्रं प्रति परिवहनं करिष्यन्ति। तत्र तेषां स्वास्थ्यस्य, तेषां शरीरे मिशनस्य शारीरिकप्रभावस्य च आकलनाय विस्तृतः अध्ययनः क्रियते। आर्तेमिस् द्वितीयस्य सफलं पुनरागमनं केवलं तान्त्रिकसाधना एव नास्ति; अन्तरिक्ष-अन्वेषणे नूतनयुगस्य प्रारम्भस्य अपि संकेतं ददाति। विश्वव्यापी वैज्ञानिकाः अन्तरिक्षसंस्थाः च अधुना स्वस्य महत्त्वाकांक्षिणः भविष्यस्य योजनाः साकारं कर्तुं अस्मात्।

## बागेश्वर धामस्य अध्यक्षदेवता

# धीरेन्द्र कृष्णशास्त्री इत्यस्य आगमनस्य विषये अफवाः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

बागेश्वर धामस्य अध्यक्षदेवता पंडित धीरेन्द्र कृष्णशास्त्री इत्यस्य आगमनस्य विषये अफवाः, तस्य 'गुरुमन्त्रस्य' दानस्य सम्भावना च 'संस्कारधनी' (सांस्कृतिकराजधानी) इत्यस्य धार्मिकवातावरणे एकां नवीनं ऊर्जां प्रविष्टवती अस्ति। बाबा बागेश्वरस्य जबलपुरयात्रायाः विषये विगतदिनेषु फेसबुकसमूहेषु अन्येषु च सामाजिकमाध्यममञ्चेषु या तीव्रचर्चा सक्रियताम् अवाप्तवन्तः, तेषु स्थानीयप्रशासनात आरभ्य सामान्यभक्तानां यावत गूढता उत्पन्ना अस्ति। यद्यपि विस्तृतयात्रासूचिकायाः विषये आधिकारिकघोषणा अद्यापि प्रतीक्षिता अस्ति तथापि सामाजिकमाध्यमेषु वायरल् भवन्ति सन्देशाः- स्थानीयआयोजकसमितीनां सक्रियतया सज्जतायाः सह मिलित्वा-दृढतया सूचयन्ति यत् जबलपुरं पुनः एकवारं लक्षशः भक्तानां विशालसमागमस्य, भक्तिपूर्णस्य वातावरणस्य च साक्षिणः भवितुं सज्जम् अस्ति।

सामाजिकमाध्यमेषु चर्चानां प्राथमिकं केन्द्रबिन्दुः विशेषसत्रं वर्तते यस्मिन् 'महाराजजी' भक्तानाम् गुरुमन्त्रं प्रदास्यति इति चर्चा वर्तते। उल्लेखनीयं यत् गुरुमन्त्रदीक्षासमारोहस्य बागेश्वर सरकार इत्यस्य अनुयायिनां कृते अपारं महत्त्वं वर्तते, यत् एतादृशस्य अवसरस्य कार्यं करोति यत्र सहस्राणि जनाः एकत्रैव सनातनधर्मे विश्वासं सुदृढं कर्तुं प्रतिज्ञां कुर्वन्ति। स्थानीयफेसबुकसमूहेषु जनाः न केवलं अस्य भ्रमणस्य सम्भाव्यतिथिषु अनुमानं कुर्वन्ति अपितु आयोजनस्थलस्य निवासव्यवस्थायाः च विषये सूचनाः अपि साझां कुर्वन्ति। विशेषतः पनागर-नगरस्य तत्समीपस्थेषु क्षेत्रेषु च निवासिनः।

# संकटस्य शीघ्रं प्रतिक्रियां दत्त्वा प्रशासनेन लोकनिर्माणविभागात्

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

सर्वकारीयकार्यक्रमस्य कार्यक्षमतायाः उत्तरदायित्वस्य च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः संकटस्य शीघ्रं प्रतिक्रियां दत्त्वा प्रशासनेन लोकनिर्माणविभागात् सप्त अभियंतान् निलम्ब्य अस्य विषयस्य जाँचः आरब्धः। तदनन्तरं अन्वेषणेन ज्ञातं यत सेतुस्य पार्श्वे प्रचलितायाः मेट्रोरेखायाः सामीप्येन डिजाइनबाधाः आवश्यकाः आसन्, येन पर्याप्तविस्तारेण मोडस्य निमार्णं न भवति स्म परन्तु नूतनप्रस्तावस्य अन्तर्गतम् अधुना एतस्य विशिष्टस्य डिजाइनदोषस्य निवारणार्थं निर्णयः कृतः अस्ति। अधिकारिणां मते सेतुस्य वक्रस्य त्रिज्या २ मीट ेतः प्रायः २.५ मीर्ट यावत् वर्धिता भविष्यति, येन वाहनानि सहजतया मोडस्य वातालापं कर्तुं शक्नुवन्ति। अपि च, सेतुस्य विस्तारः ८.५ मीट ेतः १०.५ तः ११ मीर्ट यावत् विस्तारितः भविष्यति, येन भारीवाहनानां सुरक्षितगमनं सुनिश्चितं भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : धन लाभ के संकेत हैं। परिवार में थोड़ा मनमुटाव हो सकता है, जिससे मन परेशान रहेगा।

**वृषभ** : किसी की सलाह पर बिना सोचे निवेश न करें। सही निर्णय लेने से फायदा होगा। छोटी शुरूआत भी बड़े फायदे दे सकती है।

**मिथुन** : पैसे के मामले में दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों या किसी योजना से फायदा मिल सकता है।

**कर्क** : रुके काम पूरे होंगे। किसी की बातों में आकर झगड़ा करने से बचें। मेहनत करते रहें, सफलता मिलेगी।

**सिंह** : परिवार से जुड़े फैसले ले सकते हैं। किसी कार्यक्रम में अपनी बात जरूर रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** : आलस्य छोड़कर धीरे-धीरे काम पूरा करें। नया काम शुरू करने से पहले पूरी जानकारी लें और सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** : प्रॉपर्टी लेने का मौका मिल सकता है। दोस्तों से बात करते समय सावधानी रखें। सेहत के लिहाज से दिन सामान्य है।

**वृश्चिक** : आपकी आमदनी बढ़ सकती है, जिससे खुशी मिलेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से रुका काम पूरा होगा।

**धनु** : कोई बचत योजना शुरू कर सकते हैं। परिवार से खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य की परेशानी अभी बनी रहेगी।

**मकर** : पढ़ाई या प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। सेहत ठीक है, लेकिन दिमाग को आराम देना जरूरी रहेगा।

**कुंभ** : विदेश से जुड़े काम में फायदा हो सकता है। जीवनसाथी से बातें छुपाने से बचें। परिवार का साथ मिलेगा।

**मीन** : मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी और सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य और शुक्र बनाएंगे द्विद्वादश दृष्टि योग, ये 4 राशि वाले होंगे मालामाल

द्रिक पंचांग के अनुसार, 11 मई , प्रातः 02:51 बजे सूर्य और शुक्र 30° की दूरी पर होंगे। इससे द्विद्वादश दृष्टि योग का निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को अत्यंत शुभ माना जाता है।

सूर्य मान-सम्मान और सफलता का प्रतीक है। शुक्र ग्रह प्रेम, धन और सौभाग्य का प्रतीक है। जब ये दोनों ग्रह किसी विशेष स्थिति में एक साथ आते हैं तो वे एक शक्तिशाली योग बनाने के लिए तैयार हो जाते हैं। द्रिक पंचांग के अनुसार, 11 मई , प्रातः 02:51 बजे सूर्य और शुक्र 30° की दूरी पर होंगे। इससे द्विद्वादश दृष्टि योग का निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को अत्यंत शुभ माना जाता है। सामान्यतः इस योग का प्रभाव एक से दो सप्ताह तक रह सकता है किंतु इसकी सटीक अवधि निश्चित नहीं है। कुछ



राशियों को इस शुभ योग के प्रभाव से विशेष लाभ मिलने की संभावना है। आइए जानते हैं इसका लाभ किन राशियों को मिलने जा रहा है।

**वृषभ राशि-** सूर्य-शुक्र द्विद्वादाश दृष्टि योग के कारण वृषभ राशि वालों के जीवन में कई सकारत्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। घर की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे बेहतर होगी। समाज में मान-सम्मान और इज्जत बढ़ने की संभावना है। आपको कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या ऊंचा पद मिल सकता है। स्टूडेंट्स के लिए यह अच्छा समय है, वे पढ़ाई में बेहतर कर सकते हैं। विदेश यात्रा या विदेश में मौके मिलने की भी संभावना है।

**कर्क राशि-** यह योग राशियों में शांति और स्थिरता ला सकता है। जिन्दगी में अनिश्चितता कम होगी और प्यार के रिश्ते मजबूत होंगे। आपको समाज में उम्मीद से अधिक सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। ऐसा करने से आपकी जिन्दगी आसान हो जाएगी। नौकरी से जुड़ी परेशानियां धीरे-धीरे हल हो जाएंगी और काम में सुधार देखने को मिलेगा।

**सिंह राशि-** यह योग सिंह राशि वालों के लिए बहुत फायदेमंद है। उनके काम करने के तरीके में अच्छे बदलाव देखने को मिलेंगे, जिससे सफलता बढ़ेगी। बिजनेस करने वालों को बड़े कॉन्ट्रैक्ट या फायदेमंद डील मिलने की संभावना है। जरूरी फैसले लेने में कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। पुराने इन्वेस्टमेंट से आपको अच्छा प्रॉफिट मिल सकता है। नौकरी ढूंढ रहे लोगों को नए मौके मिल सकते हैं।

**तुला राशि-** सूर्य-शुक्र की युति की वजह से तुला राशि वालों को किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। पैसे कमाने के नए तरीके मिल सकते हैं। नौकरी ढूंढ रहे लोगों को अच्छे मौके मिल सकते हैं। शादीशुदा जीवन में प्यार और तालमेल बढ़ेगा। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की संभावना है। इससे खुशियां आ सकती हैं। प्यार के रिश्तों में भरोसा बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### यातायात आरक्षक ने पीछा कर मोहननगर से पकड़ा स्टंटबाज



**उज्जैन।** पंचक्रोशी नगर प्रवेश मार्ग कोयला फाटक पर शुक्रवार सुबह बाइक सवार अचानक आया और स्टंटबाजी करने लगा। नगर प्रवेश मार्ग पर पंचक्रोशी यात्रियों का आगमन हो रहा था। बाइक सवार को स्टंट करते देख ड्युटी पर तैनात यातायात आरक्षक देवीसिंह परमार ने उसे रोका और जाने को कहा। बाइक सवार चला गया, लेकिन वापस लौटकर आ गया और स्टंट करने लगा। जिस पर यातायात आरक्षक ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह आगररोड की ओर भाग निकला। आरक्षक ने उसका पीछा किया और मोहननगर चौराहा से पकड़ लिया। इस दौरान बाइक चालक आरक्षक को धमकाने का प्रयास करने लगा। आरक्षक ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। बाइक चालक नशे की हालत में था। चिमनगंज पुलिस बाइक जप्त कर उसे थाने ले गई। पूछताछ में उसका नाम शुभम पिता राजेश सक्सेना निवासी ढांचा भवन सामने आया। पुलिस ने मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया।

### लाइट चालू करने गये युवक को 2 बदमाशों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** आगररोड स्थित शिवांश पेराडाईज कालोनी मल्टी में रहने वाले जीवन पिता सीताराम प्रजापति 24 साल को कालोनी में रहने वाले सुदर्शन और मनोज ने चाकू मारकर घायल कर दिया। चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल जीवन प्रजापति की शिकायत पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घायल के अनुसार दोनों बदमाशों ने कालोनी में तीन से चार मकानों की लाइट के तार काट दिये थे। वह रात में लाइट के तार जोड़ने पहुंचा था। दोनों ने तार जोड़ने से मना करते हुए विवाद किया और चाकू मारकर भाग निकले।

### ईओडब्ल्यू पुलिस महानिदेशक द्वारा की गई अपराधों की समीक्षा

उज्जैन। पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू उपेन्द्र जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को उज्जैन संभाग की उच्च स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन राकेश गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और रेंज के समस्त जिलों के पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक के साथ अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2024-25 के साथ वर्ष 2026 के जनवरी से मार्च तक के गंभीर अपराधों हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, बलात्कार, चोरी की तुलनात्मक समीक्षा का गहन विश्लेषण किया। पुलिस महानिदेशक जैन द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत चालान, लंबित विवेचना, वारंट, समन तामिल, प्रकरणों की संख्या और दोषसिद्धी दर की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। प्रतिबंधात्मक, निगरानी धारा 107/116, 110, 151 के साथ जिलाबदर, रासुका जैसे प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, जुआ-सट्टा, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम आदि कार्यवाही और जप्ती का विस्तृत परीक्षण किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 279/8 | 469/9 |
| मेन बाजार | 178/6 | 378/8 |
| मिलन डे | 356/4 | 360/9 |
| मिलन नाइट | 189/8 | 380/1 |

7 8 9

#### अब तक पांच हिरासत में, साथियों की तलाश में दबिश

# उछलते-कूदते दिखे वाहनों के कांच फोड़ने वालों बदमाश

### पुलिस ने क्षेत्र में निकाला जुलूस, बाफना पार्क में रात को फैलाई थी दहशत





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाफना पार्क में गुरूवार-शुक्रवार रात 2 बजे बाइक पर आये बदमाशों ने दहशत फैलाते हुए वाहनों के कांच फोड़कर एक मकान पर पथराव किया था। फुटेज से बदमाशों की पहचान होने पर पांच को हिरासत में लिया गया। 3 बदमाशों को क्षेत्र में जुलूस निकालकर सबक सिखाया गया है। उनके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के बाफना पार्क में सेवानिवृत्त शिक्षिका अफरोज पिता इस्माईल बेटी संगीता खान और उसके बेटे शेरान अली के साथ निवास करती है। रात 2 बजे के लगभग कुछ बदमाश दो पहिया वाहनों पर सवार होकर पहुंचे और घर की बाहर खडी डिजायर कार के साथ बुलेट में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बदमाशों ने उनके घर की खिड़की दरवाजों पर तलवार-लाठी से हमला किया और कांच फोड़ दिये। बदमाशों ने सेवानिवृत्त शिक्षिका के मकान के सामने रहने वाले आयुर्वेदिक कॉलेज के डॉ. प्रदीप अग्रवाल की कार में भी तोड़फोड़ की। करीब 15 से 20 मिनट तक बदमाश गदर मचाते रहे और दहशत फैलाकर भाग निकले। रात में बदमाशों की सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान कुछ बदमाशों की पहचान किशन पिता मांगीलाल अहिरवार छोटी मायापुरी, विकास पिता रमेश सारोलिया, विशाल सारोलिया निवासी अमननगर, ऋषि पिता पंकज निवासी वर्धमाननगर और सहिल पिता बनेसिंह गुर्जर ढांचा भवन के रूप में कर ली गई। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने पांचों बदमाशों की तलाश में टीम रवाना की और दोपहर में किशन, विकास और विशाल को हिरासत में ले लिया गया। वहीं देर शाम पुलिस को ऋषि और साहिल को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। पांचों से पूछताछ कर अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

#### सबक सिखाकर लोगों में खत्म की दहशत

रात में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने वाले 3 बदमाशों किशन, विशाल और विकास को पुलिस बाफना पार्क लेकर पहुंची। जहां उन्होने तोड़फोड़ करते हुए हथियार लहराकर गदर मचाया था। पुलिस ने तीनों को सबक सिखाया और जुलूस निकाला। पुलिस की सख्त कार्रवाई देख रहवासियों के बदमाशों द्वारा फैलाई गई दहशत कम हुई और पुलिस की कार्यशैली पर विश्वास बढ़ गया। पुलिस की सख्ती के आगे बदमाश उछलते-कूदते दिखाई दिये।

#### क्षेत्र में कुछ दिनों से फैल रही दहशत

चिमनगंज थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से बदमाशों द्वारा दहशत फैलाने का काम किया जा रहा है। बदमाशों की अपराधिक प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस भी अब एक्शन में आ चुकी है। कुछ दिन पहले ही बुंदेला गैंग के बदमाश कमल परमार को पकड़ा गया था, वहीं उसके 12 साथियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। गैंग के बदमाश शहर छोड़कर भाग निकले है। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि क्षेत्र में दहशत फैलाने के साथ सख्ती से निपटा जायेगा, ताकि लोगों खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

## रिश्तेदारों ने चाकू से गला रेतकर की थी युवक हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महिदपुर में गला रेतकर की गई युवक की हत्या में शामिल 2 रिश्तेदारों को रात में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि गाली-गलौच करने की बात पर साडू ने बुआ के लड़के के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया था।

महिदपुर पुलिस ने शुक्रवार सुबह सेमलिया मार्ग पीली खाई जंगल से बालाराम उर्फ बालेश्वर पिता शंकरलाल गुजराती 38 साल निवासी रतनगढ़ सेमिलायाखेड़ी की गला कटी लाश बरामद की थी। जिसकी कुछ देर में पहचान हो गई थी। मृतक घर से गुरूवार शाम निपानिया जाने का बोलकर निकला था। पुलिस को घटनास्थल से उसकी बाइक मिली थी। मामले में हत्या की धारा 103 (1) का मामला दर्ज कर हत्या करने वालों की तलाश शुरू की थी। घटनास्थल के आसपास मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई। 2 नम्बर सामने आने पर संदेह के आधार पर बद्रीलाल पिता उम्पाजी निवासी खामरिया महिदपुर और दयानंद पिता नानूराम निवासी भीमपुरा महिदपुर को हिरासत में लिया गया। जिनसे प्रारंभिक पूछताछ में हत्या का सुराग मिल गया। बद्रीलाल मृतक बालाराम का साडू है। वहीं दूसरा आरोपित दयानंद बुआ का लड़का होना बताया जा रहा है। गाली-गलौच करने पर हत्या करना सामने आ रहा है। फिलहाल मामले में दोनों से पूछताछ जारी है। संभावना है कि आज पुलिस द्वारा मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। जानकारी यह भी सामने आई है कि घटना से पहले शराब पी गई थी।

## बाइक भिड़ंत के बाद पथराव में थाना प्रभारी घायल

### 3 पुलिसकर्मियों को भी आई चोंट, 7 के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

2 बाइक के बीच हुई भिड़ंत के बाद शुरू हुआ विवाद हिंसा में बदल गया। पथराव के बीच थाना प्रभारी गंभीर घायल हो गये, 3 पुलिसकर्मियों को भी चोंट आई है। 7 लोगों के खिलाफ नामजद और अन्य खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया है।

मामला महिदपुररोड थाना क्षेत्र का है। ग्राम गोगापुर मार्ग पर सुबह 11.30 बजे के लगभग 2 बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई थी। एक बाइक पर ग्राम शिकारीखेड़ा की महिला सहित दो युवक सवार थे। दूसरी बाइक पर भी युवक सवार थे। जिनके बीच विवाद शुरू हो गया। एक पक्ष से बंजारा समाज के लोग भी एकत्रित हो गये। विवाद की खबर मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची और विवाद करने वालों को थाने लाने का प्रयास किया गया।



इसी बीच महिदपुररोड थाने से 100 मीटर की दूरी पर धर्मशाला के पास फिर से विवाद शुरू हो गया। थाना प्रभारी रामसिंह भाबोर भी मामला शांत कराने के लिये पहुंच गये। लेकिन पथराव शुरू हो गया। थाना प्रभारी भाबोर सिर और आंख पर पत्थर लगने से गंभीर घायल हो गये। वहीं एएसआई सुरेशचंद्र सोनगरा, प्रधान आरक्षक समरथलाल और आरक्षक मदन पग्गी को भी पत्थर लगने पर चोंट आई। कुछ देर के लिये अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने पथराव करने वालों को खदेड़ा और घायल थाना प्रभारी को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया।

#### बंजारा समाज के लोगों पर केस दर्ज

घटनाक्रम के बाद पुलिस ने घायल आरक्षक मदन पग्गी की शिकायत पर पथराव करने वाले बंजारा समाज के रतन बंजारा, भारत बंजारा, सरदार बंजारा, तोफान बंजारा, हाकम बंजारा, वकील बंजारा, गीताबाई बंजारा सहित अन्यों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि कुछ को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं एक टीम फरार हुए पथराव करने वालों की तलाश में शिकारीखेड़ा और आसपास दबिश दे रही है।

#### अंग्रेजी के साथ हाथभट्टी की बरामद, 1 दिन की रिमांड पर पूछताछ

# एक्सयूवी से शराब ठिकाने लगाने निकला था बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में अवैध शराब बेचने वालों को बाहर से मंगवाकर उपलब्ध कराने वाले तस्कर को गुरूवार-शुक्रवार रात एक्सयूवी कार के साथ पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अंग्रेजी शराब के 500 क्वार्टर के साथ हाथ भट्टी पर बनी 20 लीटर शराब जप्त की गई है।

नीलगंगा थाना पुलिस को रात में सर्कल भ्रमण के दौरान पता चला था कि एक्सयूवी 300 कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूसी 3462 से एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहा है। वह दाऊदखेड़ी न्यू आरटीओ के पास से शहर में आ सकता है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पियुष मिश्रा, आरक्षक कमल



पटेल और पुष्पराजसिंह को घेराबंदी के लिये भेजा। कुछ देर में ही एक्सयूवी आती दिखाई दी। जिसे पुलिस टीम ने रोक लिया। कार में मनीष पिता लक्ष्मण राय 43 साल निवासी सुदामा नगर उज्जैन सवार था। उसे हिरासत में लिया गया और कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखे अंग्रेजी शराब के 500 क्वार्टर और 20 लीटर हाथभट्टी पर बनी कच्ची जहरीली शराब के केन बरामद हो गई। प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि बरामद शराब 70 हजार और एक्सयूवी 8 लाख रुपए की है। जिसे जप्त की मनीष राय के खिलाफ आबकारी की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपित के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम के साथ मारपीट सहित संगीन धाराओं में डेढ़ दर्जन के लगभग मामले दर्ज है।

#### इंदौर-देवास, गुड़गांव से मंगवाता था शराब

प्रधान आरक्षक मिश्रा के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपित मनीष राय इंदौर-देवास के साथ गुडगांव से भी शराब मंगवाता था। कई बार उसने बसों के माध्यम से शराब के पार्सल उज्जैन तक मंगवाये है। वह अवैध शराब बेचने वालों को शराब की 4 से 5 पेटी उपलब्ध कराता था। उक्त आरोपित का सुराग रविवार-सोमवार रात गिरफ्त में आये अवैध शराब बेचने वाले श्याम गुप्ता निवासी विष्णुपुरा से मिला था। उसके बाद से मनीष की तलाश जारी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com